दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 113 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 13 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 पेज 8+2

## भजनलाल शर्मा ने गुवाहाटी के मां कामाख्या देवी मंदिर में पूजा अर्चना की, हेमंत बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को असम के गुवाहाटी के मां कामाख्या देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और राजस्थान के लोगों की खुशी, समृद्धि और विकास की प्रार्थना की, इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि असम की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, महिला, युवा, कृषक और मजदूरों के लिए मोदी सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों से खुश होकर तथा असम में मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरकार की ओर से किए गए अच्छे कार्यों और असम के सर्वांगीण और चौमुखी विकास के लिए तीसरी बार भारी बहुमत देकर यहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन करवाया इसके लिए असम की जनता को उनकी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं । उन्होंने कहा कि हेमंत बिस्वा के कुशल नेतृत्व में असम विकास के बुलंदियों को छू रहा है और पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन में असम में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य हुए जिसकी वजह से असम में कानून और शांति व्यवस्था कायम होने के साथ-साथ यहां हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं इसीलिए यहां के लोगों ने तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया। मंगलवार को वेटरनरी कॉलेज खारापारा में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में हेमंत बिस्वा ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री भी इस मौके पर मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी शपथ ग्रहण समारोह में अपनी उपस्थिति दिखाई गौरतलब है कि असम विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी कई विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार और रोड शो का आयोजन किया था ।मुख्यमंत्री शर्मा ने जिन-जिन विधानसभा सीटों पर यहां प्रचार किया था वहां भारतीय जनता पार्टी को अच्छी सफलता मिली है। असम में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी रहते हैं और प्रवासी राजस्थानियों में पिछले दो साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी गजब की लोकप्रियता हासिल की है क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा ने देश और विदेश में जाकर प्रवासी राजस्थानियों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताया है और ज्यादा से ज्यादा उनके साथ मीटिंग आयोजित करके उन्हें राजस्थान में इन्वेस्ट करने के लिए प्रेरित भी किया है और राजस्थान में पिछले 2 साल में पानी बिजली सड़क सौर ऊर्जा पर्यावरण रेल सड़क और वायु कनेक्टिविटी में जबरदस्त तरीके से हुए । विकास कार्यों का हवाला देकर कहा है कि राजस्थान वर्तमान में इन्वेस्ट करने के मामले में पूरे देश में सबसे अच्छा विकल्प है और राजस्थान में इन्वेस्ट करने से किसी को भी नुकसान नहीं होगा बल्कि फायदा ही फायदा होगा इसलिए असम ही नहीं देश में जहां-जहां प्रवासी राजस्थानी रहते हैं वे सब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पर्सनैलिटी और उनकी ओर से राजस्थान में किए गए अच्छे कार्यों से काफी प्रभावित हैं इसीलिए पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को चुनाव प्रचार के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी थी और इन दोनों ही प्रदेशों में भजनलाल शर्मा ने जिन-जिन सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार किया उन सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की। इसीलिए असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से काफी प्रभावित है, इन दोनों ही मुख्यमंत्री के बीच अच्छे राजनीतिक और व्यक्तिगत संबंध भी कायम है । हेमंत बिस्वा भी काफी धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान हैं और सनातन धर्म के प्रति उनकी काफी गहरी निष्ठा है इसीलिए हेमंत बिस्वा जब जब राजस्थान आते हैं राजस्थान में रिंगस के खाटू श्याम जी और सालासर बालाजी हनुमान जी दोसा के मेहंदीपुर बालाजी इत्यादि सभी जगह पर दर्शन करने जरूर जाते हैं। इसी तरह से मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी सुबह जल्दी गुवाहाटी के मां कामाख्या देवी मंदिर में पहुंचे और वहां पूजा अर्चना करके लोगों की खुशहाली प्रदेश और देश के विकास की प्रार्थना की।





प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी मंगलवार को गुवाहाटी के मां कामाख्या देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और लोगों के खुशहाल जीवन की तथा राजस्थान और देश के विकास की माता रानी से प्रार्थना की ।बाद में दिया कुमारी ने वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित हेमंत बिस्वा के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुई। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिया कुमारी ने भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का मान और सम्मान तेजी से बढ़ रहा है आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है हर क्षेत्र में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है इसीलिए देश की जनता का मिजाज भारतीय जनता पार्टी के प्रति जबरदस्त तरीके से बदला है यही वजह रही कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत हासिल की और असम में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की लगातार सरकार का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि हेमंत बिस्वा के पिछले दो साल के कार्यकाल बहुत ही शानदार और ऐतिहासिक रहे इसीलिए असम की जनता ने उन्हें तीसरी बार इतना व्यापक समर्थन दिया है निश्चित रूप से अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन में हेमंत बिस्वा असम के लोगों की इच्छा के अनुरूप कार्य करके असम के विकास को लगातार और तेजी से आगे बढ़ाएंगे दिया कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह भी बताया कि नीट यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक के दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और एक भी दोषी लोगों को छोड़ नहीं जाएगा उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा के लिए परीक्षा को रद्द करना जरूरी था ।

## सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों के पाठ्यक्रम में राजस्थानी भाषा लागू करने के निर्देश दिए



### 30 सितंबर तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थानी भाषा के संरक्षण और संवर्धन से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को पदम मेहता और अन्य बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य मामले में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को शिक्षा व्यवस्था में राजस्थानी भाषा को शामिल करने के लिए ठोस नीति तैयार करने का निर्देश दिया ।इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्यायाधीश संदीप मेहता की खंडपीठ नेकी सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राजस्थानी भाषा का ऐतिहासिक साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत समृद्ध है अदालत ने यह भी स्वीकार किया कि राजस्थानी भाषा को कई विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में पहले से मान्यता प्राप्त है । इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को निर्देशित किया कि वह प्राथमिक माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित पूरे शैक्षणिक ढांचे में राजस्थानी भाषा को शामिल करने के लिए उपयुक्त नीति तैयार करें । सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट आगामी 30 सितंबर तक पेश करने को कहा है । जानकारी के अनुसार यह मामला पदम मेहता और एक अन्य याचिका करता द्वारा विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था याचिका में राजस्थानी भाषा को शिक्षा व्यवस्था और राजस्थानी शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल करने की मांग की गई थी। याचिका कर्ताओं ने संविधान के अनुच्छेद 350 ए बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 29(2)(एफ) और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का हवाला देते हुए कहा कि बच्चों को यथासंभव उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिलनी चाहिए। याचिका कर्ताओं ने अदालत के सामने तर्क दिया कि करोड़ों लोग राजस्थानी भाषा बोलते हैं और इसकी समृद्धि साहित्य और सांस्कृतिक विरासत है बावजूद इसके इस रीट परीक्षा या शिक्षक मध्य में शामिल नहीं किया गया जबकि अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को मान्यता दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्थान विधानसभा ने 25 अगस्त 2003 को ही एक प्रस्ताव पारित कर राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की सिफारिश की थी। पदम मेहता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिंह जी ने पक्ष रखा राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह विषय राज्य सरकार के नीतिगत निर्णय से जुड़ा हुआ है और सरकार उचित समय पर इस पर निर्णय लेगी राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने कभी यह नहीं कहा कि शिक्षा प्रणाली में राजस्थानी भाषा को शामिल करना गलत या अस्वीकार है सरकार ने अपने जवाब में बताया कि वर्तमान में राजस्थानी भाषा प्राथमिक उच्च प्राथमिक स्कूलों के स्वीकृत पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है इसलिए इसे रीट में शामिल नहीं किया गया हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मातृभाषा आधारित शिक्षा और बहुभाषीय शिक्षक से संबंधित प्रावधानों को लागू करने के लिए विभिन्न टास्क फोर्स वाले ही गठित की जा चुकी है । राज्य सरकार ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की प्रक्रिया जारी है और क्षेत्रीय भाषाओं तथा मातृभाषा में शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर विचार किया जा रहा है ।

### मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने ली महत्वपूर्ण बैठक

## मुख्यमंत्री की राज्य में डेयरी विस्तार की परिकल्पना जल्द होगी साकार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य के डेयरी क्षेत्र में विस्तार और आरसीडीएफ के सरस ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाने की मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की परिकल्पना बहुत जल्द साकार होगी। मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास की अध्यक्षता में जयपुर में मंगलवार को हुई बैठक में भारत सरकार ने आरसीडीएफ को 1500 करोड रूपये की सहायता उपलब्ध कराने पर सैद्धान्तिक सहमति दी है। भारत सरकार की जीका (जापान इन्टरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेन्सी) परियोजना के अन्तर्गत 1000 करोड और एनपीडीडी (नेशनल प्रोग्राम फॉर डेयरी डवलपमेन्ट) परियोजना के अन्तर्गत 500 करोड रूपये की सहायता पर सहमति दी गई है। इस राशि से आरसीडीएफ के दुग्ध संकलन, प्रसंस्करण और विपणन में विस्तार होगा। आरसीडीएफ में वर्तमान में संकलित हो रहे 45 लाख लीटर प्रतिदिन को बढाकर 65 लाख लीटर प्रतिदिन किया जायेगा। राज्य में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में 20 लाख लीटर प्रतिदिन की बढोतरी की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में पूर्व में हुई दो राज्य स्तरीय बैठको में लिये गये निर्णयों की क्रियान्वति को मूर्त रूप देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन सचिवालय स्थित समिति कक्ष संख्या 1 में उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार सरस को केवल डेयरी सहकारी संस्था के रूप में नहीं बल्कि एक मजबूत एवं व्यापक राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होने राज्यभर में सरस आउटलेट एवं डेयरी पार्लरों का विस्तार करने, नये प्रोसेसिंग प्लान्ट स्थापित करने तथा दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढने के निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि आवश्यक परियोजनाओं को वित्त विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र आगे बढाया जाये। उन्होने कहा कि राजस्थान में दुग्ध उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण एवं विपणन की एकीकृत वेल्यू चेन विकसित की जाये ताकि दुग्ध उत्पादकों को अधिक लाभ मिल सके। बैठक में राजस्थान राज्य में डेयरी विकास की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार से राज्य के दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित करने के लिए अपेक्षित आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग का आग्रह किया गया। केन्द्र सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के सचिव नरेश पाल गंगवार ने कहा कि राजस्थान में डेयरी के क्षेत्र में परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। उन्होने कहा कि आरसीडीएफ द्वारा नेशनल प्रोग्राम फॉर डेयरी डवलपमेन्ट (एनपीडीडी) योजना के 100 प्रतिशत क्रियान्वयन की सराहना करते हुए सरस को राष्ट्रीय ब्रांड बनाने के लिए भारत सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि डेयरी क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास के लिए पशुधन की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य का मजबूत करना आवश्यक है। उन्होने कहा कि स्वस्थ एवं उच्च गुणवत्तायुक्त नस्लों के पशु तैयार होने के बाद ही संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन तंत्र को और प्रभावी बनाया जा सकता है। बैठक में केन्द्र सरकार की अतिरिक्त सचिव वर्षा जोशी सहित भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद के चेयरमेन मीनेश शाह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य सरकार की ओर से आरसीडीएफ की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज और पशुपालन निदेशक सुरेश मीणा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा संचालित नस्ल सुधार कार्यक्रमों और किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त पशुधन उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से राज्य में डेयरी विकास की वर्तमान स्थिति और भविष्य में डेयरी क्षेत्र के विस्तार की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होने बताया कि राजस्थान वर्तमान में दुग्ध उत्पादन, प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता में देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य में प्रतिदिन लगभग 10 करोड किलोग्राम उत्पादित हो रहा है। उन्होने बताया कि राज्य में 20 हजार से अधिक डेयरी सहकारी समितियों के माध्यम से ग्राम स्तर पर दुग्ध संग्रहण एवं किसानो को प्रत्यक्ष सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने डेयरी क्षेत्र में पर्यावरण अनूकूल एवं सत्त विकास मॉडल अपनाने के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशा के अनुरूप राजस्थान राज्य को डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।





## सीएम शर्मा आज रात फिर पंसेरी गांव में ग्रामीणों से करेंगे संवाद, गांव में ही करेंगे रात्रि विश्राम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में अलग-अलग जगह पर गांव में किए जा रहे रात्रि चौपाल कार्यक्रमों को देखकर प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टर भी अब अब नियमित रूप से खुद रात्रि चौपाल का आयोजन करते हुए दिख रहे हैं जिसका सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिल रहा है। यह कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री शर्मा के इस नवीन प्रयोग से प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में जबरदस्त गतिशीलता आ गई है और अधिकारी मुख्यमंत्री की तरह फील्ड में नजर आने लगे हैं । मुख्यमंत्री शर्मा आज की रात जालौर जिले के रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव पंसेरी में रात्रि चौपाल का आयोजन कर रहे हैं इस कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिले के सभी विधायक और संगठन से जुड़े नेता भी काफी गंभीर नजर आ रहे हैं । जिला प्रशासन और पुलिस ने मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर सभी तरह की व्यवस्थाएं कंप्लीट कर ली है जानकारी के अनुसार कल सुबह मुख्यमंत्री शर्मा अपने पिछले रात्रि चौपाल कार्यक्रमों की तरह पंसेरी में भी मॉर्निंग वॉक के दौरान ग्रामीणों से फिर कल ही से मुलाकात करेंगे और फिर मेड़ता के डांगावास में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे । इस तरह से बुधवार और गुरुवार को मुख्यमंत्री शर्मा का काफी व्यस्त कार्यक्रम रहेगा । बताया गया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा जिलों में ज्यादा से ज्यादा रात्रि चौपाल का आयोजन करके प्रदेश के लोगों से सरकार की योजनाओं का वास्तविक फीडबैक लेने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से हुई बातचीत के दौरान उन्हें कई अच्छी जानकारियां और कई अच्छे सुझाव भी ग्रामीणों से मिले हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा गांव में ग्रामीणों से बातचीत करके मुख्यमंत्री शर्मा आने वाले दिनों में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र को और भी खुशहाल करने तथा किसान मजदूर गरीब लोगों के कल्याण और विकास के लिए और भी योजनाएं तैयार करने के लिए इन रात्रि चौपाल के माध्यम से अपने दिमाग में योजनाओं का खाता तैयार कर रहे हैं इसलिए वे भीषण गर्मी में भी ज्यादा से ज्यादा रात्रि चौपाल का आयोजन करके एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं बल्कि खुद को एक सच्चे जनसेवक के रूप में साबित किया है ।





## डॉ. अरुण मोहन भारवि के साहित्य पर ऐतिहासिक शोध पूरा



जयपुर टाइम्स

**आरा(निसं.)।** वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के भोजपुरी विभाग में शोधार्थी राजेश कुमार आदित्य के पी-एच.डी. शोधप्रबंध 'डॉ. अरुण मोहन भारवि के रचना संसार' की मौखिकी परीक्षा सोमवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर को भोजपुरी साहित्य जगत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना गया कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. दिवाकर पाण्डेय, शोध निर्देशिका डॉ. उषा रानी, प्रो. सिद्धार्थ शंकर तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अरुण मोहन भारवि सहित कई शिक्षाविद एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। शोध परीक्षक प्रो. जंग बहादुर पांडेय ने शोधप्रबंध को भोजपुरी कथा साहित्य पर आधारित मौलिक, प्रामाणिक एवं गंभीर अकादमिक कृति बताया शोध में डॉ. भारवि के व्यक्तित्व, कथा साहित्य, संपादन-कला, फुटकर रचनाओं एवं साहित्यिक विशेषताओं का सात अध्यायों में विस्तृत विवेचन किया गया है। परिशिष्ट में साहित्यकारों के साक्षात्कार भी शामिल किए गए हैं, जिससे शोध की प्रामाणिकता और बढ़ी है इस उपलब्धि पर भोजपुरी साहित्य मंडल एवं अखिल भारतीय जायसवाल महासभा के पदाधिकारियों सहित कई साहित्यकारों ने विश्वविद्यालय के भोजपुरी विभाग को बधाई दी।

## छात्राओं को साइबर अपराधों व आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

### कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने राजकॉप एप, डिजिटल अरेस्ट और नवीन कानूनों की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला पुलिस अलवर की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आर्य कन्या शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मालवीय नगर में छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल अरेस्ट, नवीन कानूनों एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी के निर्देशन में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यूनिट की महिला कांस्टेबल अनिता एवं रेखा द्वारा स्कूल, कॉलेज, बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित गश्त कर छेड़छाड़, उत्पीड़न और महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम की जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग एवं महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गरिमा हेल्पलाइन 1090 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर नवीन कानूनों, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के शोषण के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों से छात्राओं को अवगत कराया गया। साथ ही यातायात नियमों की पालना, हेलमेट के उपयोग की आवश्यकता तथा आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाकर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

### मिलावट पर वार अभियान तेज

## मालाखेड़ा व अलवर में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, पिस्ता कटिंग व सॉस जब्त



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने मालाखेड़ा कस्बे एवं अलवर शहर में कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर के निर्देशन में की गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने मालाखेड़ा कस्बे के गणेश चौक स्थित मैसर्स मनीष कुमार नरेश कुमार प्रतिष्ठान से पिस्ता कटिंग एवं रेड चिली सॉस के नमूने लिए। जांच के दौरान पिस्ता कटिंग में रंग की मिलावट की आशंका पर करीब 10 किलो पिस्ता कटिंग जब्त की गई। वहीं रेड चिली सॉस में भी रंग की मिलावट की संभावना को देखते हुए 236 बोतल सॉस को जब्त किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (FSSAI) की धारा 32 के तहत संबंधित प्रतिष्ठान को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त कृष्णा डेरी, पुराना बस स्टैंड मालाखेड़ा से घी का एक नमूना जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला भेजा गया। वहीं अलवर शहर के कटी घाटी स्थित मैसर्स भगवान सहाय शर्मा से कुल्फी एवं आइसक्रीम के नमूने भी जांच के लिए लिए गए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले में मिलावटी एवं अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम रथ अभियानः राज्य सरकार का संकल्प, पात्र को मिले योजनाओं का लाभ

### गांव-गांव पहुंच रहे ग्राम रथों से जागरूक और लाभान्वित हो रहे हैं ग्रामीण

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण और आकर्षक कार्यक्रम हुए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योजनाओं की जानकारी लेने के साथ.साथ इनका लाभ भी लिया जा रहा है। 12 मई को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के सानोदा, पुर, निमलाका, भोजराजका, पहाड़वास और मुंडावर विधानसभा के मनेठी, मुंडनवाडा, खुर्द, सरुप सराय, बापडोली, पदमाडा एवं तिजारा विधानसभा के असलीमपुर, बलियावास, माजरा महेनिया, रामनगर, बिचपुरी गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। इन गांवों में ग्राम रथ पहुँचते ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ उमड पडी। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से जीवंत प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन कियाए वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका एवं प्रचार सामग्री वितरित कर उन्हें जागरूक किया। ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रथ के साथ विशेष सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव और फीडबैक दर्ज कराए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुँचाकर उसे लाभ से जोडना है। ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो, वीडियो प्रस्तुति की व्यवस्था की गई है।

## देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा ने किया सावडी में आयोजित ग्राम रथ यात्रा का अवलोकन

### देवनारायण आवासीय विद्यालय बालेटा का निरीक्षण कर छात्रों के शैक्षणिक स्तर को परखा

### बैठक लेकर विद्यालय के सुचारू संचालन के लिए दिए दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा ने ग्राम पंचायत सावडी में आयोजित ग्राम रथ यात्रा का अवलोकन कर ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उनका जागरूक रहकर लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष भड़ाणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अंतिम पंक्ति तक के जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभांवित कराने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य ग्राम रथ अभियान संचालित किया गया है, जिसके तहत कृषि, पशुपालन इत्यादि से संबंधित 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदान की जा रही है। इसके उपरान्त उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित अलवर दौरे के संबंध में ग्राम पंचायत बुर्जा पूर्व तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय देवनारायण आवासीय विद्यालय बालेटा का निरीक्षण कर आवासित छात्रों से बातचीत कर विद्यालय में प्रदान की जा रही सुविधाओं का फीडबैक लेकर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। उन्होंने विद्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवासीय विद्यालय के सुचारू संचालन के संबंध में सुधार हेतु निर्देश दिये। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, उपखण्ड अधिकारी मालाखेडा नवज्योति कावरिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मीना सहित संबंधित अधिकारी तथा मुन्नालाल शर्मा, राजेन्द्र कसाणा मौजूद रहे।

## गंडाला की रात्रि चौपाल में उठीं ग्रामीण समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

### ग्राम विकास रथ कार्यक्रम में भाजपा नेता बस्तीराम यादव ने किया जनसमूह को संबोधित



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** पंचायत समिति बहरोड़ की ग्राम पंचायत मुख्यालय गंडाला में राजस्थान सरकार के ग्राम विकास रथ के पहुंचने पर मंगलवार रात आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीण समस्याओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़ बस्तीराम यादव एडवोकेट ने जनसमूह को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के ग्राम विकास रथ प्रभारी यादराम जांगल, सरपंच तारावती यादव, जोगेंद्र यादव, बेनी प्रसाद जोशी, भूप सिंह गहलोत, तेज सिंह यादव, धर्मवीर यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, कप्तान ऊदल सिंह, अभय सिंह नंबरदार, सुरेश पीटीआई, पंचायत समिति सदस्य सतवीर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल में प्रशासनिक अधिकारियों ने भी ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उपखंड अधिकारी राम किशोर मीणा, तहसीलदार राजेंद्र मोहन मीणा, विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश बाबता, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश यादव, नायब तहसीलदार अजीत सिंह यादव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामकला यादव, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता गजानंद निमोरिया, पीडब्ल्यूडी एईएन प्रिया यादव तथा पीएचईडी एईएन दिव्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामवासियों की मांग पर जिला परिषद से स्वीकृत बोरिंग के लिए उपखंड अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। वहीं राव दिलीप सिंह पब्लिक स्कूल के पास संचालित अवैध ठेके को हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पीएचसी पर स्थायी डॉक्टर नियुक्त करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया गया तथा जलदाय विभाग को स्कूल के पास नई बोरिंग के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त गांव में अतिक्रमण हटाने एवं सिंगल फेस विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने पर भी सहमति व्यक्त की गई। कार्यक्रम में प्रो. विक्रम यादव पार्षद बड़ोद सहित सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं एवं युवा मौजूद रहे।

### बहरोड़ में विकास कार्यों को मिली गति

## डॉ. मोहित जसवंत यादव की उपस्थिति में 60 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की उपस्थिति में शिक्षा, पेयजल एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े करीब 60 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। साथ ही क्षेत्र के विकास को लेकर कई नई घोषणाएं भी की गईं।

जैतपुर गांव में विधायक कोष से 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित ताराचंद प्रधान के घर से चौफूलिया मेन सड़क तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कमरे व बरामदे के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस दौरान जैतपुर में अन्य विकास कार्यों हेतु विधायक कोष से अतिरिक्त 5 लाख रुपये देने की घोषणा भी की गई, जिसका ग्रामीणों ने स्वागत किया। इसके बाद भीमसिंहपुरा स्थित शहीद वीरेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समसा के माध्यम से 47.10 लाख रुपये की लागत से निर्मित कंप्यूटर एवं विज्ञान प्रयोगशाला तथा लाइब्रेरी भवन का लोकार्पण किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क एवं 200 मीटर ट्रैक निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में भीमसिंहपुरा के वाल्मीकि मोहल्ले में सिंगल फेस बोरवेल निर्माण के लिए विधायक कोष से 2 लाख रुपये देने की घोषणा की गई। माजरी खुर्द में विधायक कोष से 3.15 लाख रुपये की लागत से दो बोरवेलों हेतु मोटर एवं बिजली वायर कार्यों का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इन कार्यों से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और आमजन को राहत प्राप्त होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कहा कि बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। शिक्षा, सड़क, पेयजल एवं ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है, ताकि प्रत्येक गांव तक बेहतर सुविधाएं पहुंच सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया संदेश का उल्लेख करते हुए लोगों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने तथा सार्वजनिक परिवहन अपनाने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और भाजपा सरकार के सक्षम प्रयासों से देश एवं राज्य किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। इस अवसर पर अश्वनी टाईगर, राजू सिंह चौहान, जयप्रकाश झाबर, मनोज यादव, वेदप्रकाश, अरुण सिंह चौहान, नवरत्न सरपंच, अनिल सरपंच, संजीव सरपंच, सुबेसिंह सरपंच, हरदीप सरपंच, डॉ. जगत सिंह यादव, यशवंत सरपंच, अनिल बोहरा, कर्मवीर यादव, संदीप मुन्ना, राजेंद्र कमाण्डो सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आरसीए आयोजित करेगा आरसीए पैनल मैच रेफ़री वर्कशॉप व परीक्षा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा राज्य में राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में क्रिकेट संचालन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मई 2026 में मैच रेफरी वर्कशॉप एवं परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार हमारी कमेटी का उद्देश्य राज्य के पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर राज्य की क्रिकेट के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करते हुए आरसीए के घरेलू सत्र की क्रिकेट गतिविधियों के संचालन व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के दौरान खेल सुविधाओं की गुणवत्ता, खिलाड़ियों में अनुशासन व मैच ऑफिशियल की जिम्मेदारियों को और बेहतर व प्रभावी बनाना है। आरसीए एडहॉक सदस्य अरिष्ट सिंघवी के अनुसार आरसीए द्वारा आयोजित किये जाने वाले आरसीए पैनल मैच रेफ़री वर्कशॉप व परीक्षा के लिए प्रत्येक जिला क्रिकेट संघ से 3 नामांकन (2 पुरुष एवं 1 महिला) आमंत्रित किए गए हैं। सभी जिला संघों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित प्रारूप में नाम एवं आधार कार्ड की प्रति सहित आवेदन 14 मई 2026 तक RCA को प्रेषित करें।

### पुरुष वर्ग हेतु पात्रता :

* रणजी ट्रॉफी / अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी / अंडर-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी में प्रतिनिधित्व किया हो तथा न्यूनतम 5 बहु-दिवसीय मैच खेले हों।
* घरेलू सत्र 2026-27 से कम से कम 5 वर्ष पूर्व सक्रिय क्रिकेट से संन्यास लिया हो।
* 31 मई 2026 को आयु 45 वर्ष से कम हो।

महिला वर्ग हेतु पात्रता :

* सीनियर BCCI महिला क्रिकेट में प्रतिनिधित्व किया हो तथा न्यूनतम 5 मैच खेले हों।
* घरेलू सत्र 2026-27 से कम से कम 5 वर्ष पूर्व सक्रिय क्रिकेट से संन्यास लिया हो।
* 31 मई 2026 को आयु 45 वर्ष से कम हो।

सभी नामांकित अभ्यर्थियों के लिए MS Office, ईमेल एवं मोबाइल संचालन की सामान्य जानकारी तथा अंग्रेज़ी भाषा का व्यावहारिक ज्ञान आवश्यक रहेगा, क्योंकि मैच रेफरी रिपोर्ट अंग्रेज़ी में प्रस्तुत की जाएगी।

RCA द्वारा मैच रेफरी की भूमिका को अधिक जिम्मेदार एवं प्रभावी बनाया जा रहा है। अब मैच रेफरी मैदान एवं वेन्यू की स्थिति, मेज़बान संघ द्वारा की गई व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, समय पर ओवर पूर्ण करवाने, पेनल्टी लागू करवाने, अनुशासनात्मक मामलों की निगरानी एवं अंपायर रिपोर्ट के संकलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट RCA को प्रस्तुत करेंगे।

इस नई व्यवस्था के माध्यम से RCA का उद्देश्य राज्य क्रिकेट में बेहतर अनुशासन, जवाबदेही एवं उच्च स्तरीय क्रिकेट संचालन सुनिश्चित करना है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक का विस्तार

## एलईडी टीवी एवं टैबलेट मॉनीटरिंग से खैरथल-तिजारा में स्वास्थ्य सेवाओं की नई पहल

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राज्य सरकार एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, पारदर्शी एवं अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब जिले के सरकारी चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर एलईडी टीवी एवं टैबलेट आधारित मॉनीटरिंग व्यवस्था लागू की जा रही है। इस नई पहल से स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी मजबूत होगी तथा मरीजों को भी आवश्यक जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सकेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट ने बताया कि चिकित्सा विभाग की लगभग सभी योजनाओं के ऑनलाइन पोर्टल संचालित हैं, जिनके माध्यम से रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराया जाता है। इससे ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतिदिन मॉनीटरिंग संभव हो सकेगी तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि टैबलेट आधारित ऑनलाइन प्रणाली के जरिए जन्म पंजीकरण, टीकाकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्य त्वरित रूप से किए जाएंगे। साथ ही पात्र लाभार्थियों को लाडो प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगाए जाने वाले एलईडी टीवी के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को सरकारी योजनाओं, टीकाकरण, पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदर्शित की जाएंगी। इससे आमजन में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ेगी और सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी टैबलेट के माध्यम से रोगियों के रिकॉर्ड का नियमित अनुश्रवण कर सकेंगे, जिससे उपचार व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नियमित टीकाकरण करवाएं, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाएं तथा किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द, नई तारीख का जल्दी होगा ऐलान, पेपर लीक की सीबीआई करेगी जांच


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले 3 मई को आयोजित हुई नीट यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी की संभावनाओं के चलते एनटीए की ओर से इस परीक्षा को रद्द कर दिया है अब यह परीक्षा नई तारीख को आयोजित की जाएगी इसके बारे में जल्दी ही एनटीए की वेबसाइट पर संपूर्ण जानकारी छात्रों को उपलब्ध करवा दी जाएगी फिलहाल 3 मई को आयोजित हुई परीक्षा में संभावित गड़बड़ी और पेपर लीक की जांच राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप शाखा की ओर से तो की जा रही है इसके अलावा इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से भी की जा रही है जानकारी अनुसार इस मामले में अब




तक 45 लोगों को डिटेन किया जा चुका है मंगलवार को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम की ओर से देहरादून से राकेश मंडावरिया को हिरासत में लिया गया है इससे पहले इस मामले में जयपुर से अविनाश लंबा और मनीष यादव को गिरफ्तार किया गया था जानकारी के अनुसार सीकर झुंझुनू में नीट यूजी 2026 परीक्षा में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी और पेपर लीक होने की आशंका बताई जा रही है जानकारी के अनुसार एनटीए के जयपुर प्रिंटिंग फैसिलिटी कनेक्शन के चलते देहरादून से हिरासत में लिए गए राकेश को यही से पेपर उपलब्ध करवाने की बात कही जा रही है स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि नासिक से पहली बार व्हाट्सएप पर इस परीक्षा का पेपर शेयर किया गया था राकेश राजस्थान से देहरादून घूमने गया था जिसकी जानकारी मिलने के बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम लगातार राकेश का पीछा कर रही थी सीकर और झुंझुनू में इस परीक्षा के पेपर बड़े स्तर पर छात्रों को उपलब्ध करवाने की बात कहीं जा रही है इस परीक्षा में करीब 23 लाख 5000 छात्र बैठे थे अब यह परीक्षा फिर से आयोजित की जाएगी तो दूसरी तरफ परीक्षा में पेपर लीक की जांच अब सीबीआई को सुपुर्द कर दी गई है केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच अब तेजी से आगे बढ़ रही है राजस्थान उत्तराखंड महाराष्ट्र में भी बड़े स्तर पर सीबीआई की जांच की जा रही है राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जो अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं उनसे सीबीआई के अधिकारी लगातार संपर्क में है एसओजी की ओर से जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है उन्हें सीबीआई को सौंप दिया गया है अब सीबीआई इस मामले में अब तक हिरासत में लिए गए लोगों से अपने स्तर पर भी पूछताछ करेगी।

## 20 सितंबर को होगी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा, पुराने अभ्यर्थियों को ही परीक्षा देने का मिलेगा मौका



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तिथि का ऐलान कर दिया है आयोग के अनुसार अब यह भर्ती परीक्षा आगामी 20 सितंबर को आयोजित होगी इस परीक्षा में पुराने अभ्यर्थियों को ही परीक्षा में बैठने का मौका दिया गया है नए आवेदक इस परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्थान सरकार ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को पिछले दिनों रद्द कर दिया था इस भर्ती परीक्षा में 383097 आवेदक बैठे थे बाद में इस परीक्षा में पड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा पेपर लीक और अनियमित हुई जिसके बाद में इस भर्ती परीक्षा की पेपर लीक की जांच की गई जिसमें कई बड़े लोगों की गिरफ्तारी हुई और बड़ी संख्या में उन लोगों की भी गिरफ्तारी हुई जो चुराए गए पेपर से इस भर्ती परीक्षा में चयनित हुए थे हालांकि भर्ती परीक्षा को रद्द करने और रद्द नहीं करने को लेकर कई महीनो तक संशय की स्थिति बनी रही यह मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा दो लोग इस परीक्षा में चयनित हो गए थे उन लोगों ने हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के उस फैसले के खिलाफ जिसमें सिंगल बेंच ने परीक्षा को रद्द करने का आदेश दिया था उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में गए जहां सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में वापस हाई कोर्ट में अपील करने की बात कही इसके बाद हाई कोर्ट की डबल बेंच ने भी सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा और इस भर्ती परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने के निर्देश दिए और दोबारा से इस भर्ती परीक्षा को आयोजित करवाने के निर्देश दिए जिसके पास राजस्थान लोकसभा आयोग अब यह परीक्षा आगामी 20 सितंबर को आयोजित करवा रहा है जिसमें पुराने आवेदकों को ही इस परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई है इसके लिए आयोग ने आवेदन फार्म को अपडेट करने के लिए आगामी 30 मई की तारीख सुनिश्चित की है।

## रेलवे बोर्ड की अतिरिक्त सदस्य गीतिका पांडे ने किया डीएफसीसीआईएल स्टेशन का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे बोर्ड की अतिरिक्त सदस्य योजना,रेलवे बोर्ड गीतिका पांडे ने न्यू श्रीमाधोपुर डीएफसीसीआईएल स्टेशन और मॉक-अप सेंटर का निरीक्षण किया और डीएफसीसीआईएल अधिकारियों के साथ बैठक की।सीजीएम,जयपुर आर.एस. चौधरी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर उन्हें डीएफसीसीआईएल में चल रही गतिविधियों और सर्वोत्तम रखरखाव प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने परिसंपत्ति रखरखाव, बुनियादी ढांचे के उचित रखरखाव और प्रभावी रखरखाव प्रक्रियाओं को अपनाने में डीएफसीसीआईएल कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में 25000 रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। यह निरीक्षण और बातचीत सभी डीएफसीसीआईएल अधिकारियों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुई।

## ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-बान्द्रा टर्मिनस एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु मदार-बान्द्रा टर्मिनस एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09631, मदार-बान्द्रा टर्मिनस एक तरफा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 15.5.26, शुक्रवार को (1 ट्रिप) मदार से 10.15 बजे रवाना होकर शनिवार को 6.30 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाडा, चित्तौडगढ, मंदसौर, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 18 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होगें।

## भाजपा ने श्रीगंगानगर जिले में बढ़ाई डिजिटल ताकत, सभी 6 विधानसभाओं में मंडल मीडिया संयोजकों की नियुक्ति

जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(निस.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने श्रीगंगानगर जिले में मंडल स्तर पर मीडिया संयोजकों की नियुक्तियां की हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह के मार्गदर्शन में जिला मीडिया संयोजक श्रीचंद चौधरी ने जिले की सभी छह विधानसभाओं के लिए मंडल मीडिया संयोजकों की सूची जारी की। जिला मीडिया संयोजक श्रीचंद चौधरी ने बताया कि पार्टी की विचारधारा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन की गतिविधियों को प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाने के लिए मंडल स्तर पर मीडिया नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है और मीडिया विभाग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जारी सूची के अनुसार श्रीकरणपुर विधानसभा में पदमपुर नगर से अक्षय ढोली, पदमपुर देहात से मुकेश नैन, श्रीकरणपुर नगर से राजेंद्र भादू, श्रीकरणपुर देहात से देवेंद्र कुमार, गजसिंहपुर से राजकुमार गिरधर, बींझबायला से दीपक तरड, केसरीसिंहपुर नगर से बलविंद्र सिंह तथा केसरीसिंहपुर देहात से जसपाल सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिव सिंह राठौड़ को एसओजी की ओर से डिटेन करने की सूचना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष शिव सिंह राठौड़ को एसओजी की ओर से डिटेन करने की सूचना मिली है हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस की ओर से इस बारे में किसी भी तरह की कोई अधिकृत सूचना मीडिया के साथ शेयर नहीं की गई है लेकिन जानकारी मिली है कि मंगलवार की सुबह राठौर के जोधपुर आवास से उन्हें एसओजी की ओर से डिटेन किया गया है, जानकारी के अनुसार सरकारी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अनियमितता को लेकर पूछताछ करने के लिए एसओजी की ओर से शिव सिंह राठौड़ को नोटिस देकर तलब किया था लेकिन राठौर एसओजी के सामने उपस्थित नहीं हुए इसके बाद में एसओजी ने मंगलवार की सुबह जोधपुर स्थित उनके आवास से उन्हें डिटेन किया है हालांकि इस मामले में एसओजी की ओर से अधिकृत रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है लेकिन जोधपुर से मिली जानकारी के अनुसार एसओजी की एक टीम मंगलवार की सुबह राठौर के जोधपुर आवास पर पहुंच गई थी जहां राठौर को टीम ने अपनी हिरासत में ले लिया है जानकारी के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर शिव सिंह राठौर भी पोस्टेड रहे थे और पिछली सरकार में विभिन्न सरकारी भर्ती परीक्षाओं में बड़े स्तर पर पेपर लीक और गड़बड़ियों हुई थी इनकी जांच अभी जारी है जिसमें लगातार गिरफ्तारियां भी हो रही है राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रशासन से जुड़े लोगों के अलावा आयोग में राजनीतिक नियुक्ति के आधार पर नियुक्त हुए लोगों से भी पुलिस ने पूछताछ की है जिसमें बाबूलाल कटरा और उनके कुछ रिश्तेदार भी गिरफ्तार हुए हैं अब एसओजी की ओर से जिस तरह से पूछताछ के लिए शिव सिंह राठौड़ को नोटिस देकर तलब किया और राठौर एसओजी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए उसके बाद एसजी की टीम का मंगलवार को राठौर के जोधपुर में आवास पर सुबह-सुबह पहुंचना जोधपुर में चर्चा का विषय बना हुआ है कहा यही जा रहा है कि राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की ओर से शिव सिंह राठौड़ को डिटेन कर लिया है गौरतलब है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सार्वजनिक रूप से कई बार सभाओं में कह चुके हैं कि जो जो लोग पेपर लीक में शामिल है चाहे कोई कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो सबको जेल भेजेंगे इसलिए कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में सरकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में कुछ और बड़े लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## पूरा प्रश्न पत्र आउट नहीं हुआ, कुछ प्रश्न पत्र लीक हुए और नई परीक्षा तिथि की घोषणा सप्ताह भर में : डीजी एनटीए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले 3 में को देश भर में आयोजित की गई नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने के संदर्भ में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनटीए के डीजी ने कहा कि इस परीक्षा का पूरा प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ था कुछ प्रश्न लीक हुए थे फिर भी बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस परीक्षा को रद्द किया गया है और इस परीक्षा की नई तारीख सप्ताह भर में निर्धारित कर दी जाएगी उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के बारे में पूरी जानकारी केंद्रीय जांच ब्यूरो को उपलब्ध करवा दी गई है इस बीच इस परीक्षा के पेपर लीक के मामले में राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम जयपुर जिले के जमवारामगढ़ में भी गई थी जहां से कुछ लोगों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी भी मिली है जानकारी के अनुसार अब तक की जांच में पता चला है कि यह पेपर नासिक से आउट हुआ था और नासिक से यह पेपर गुरुग्राम और गुड़गांव से जमवारामगढ़ आया था और जमवारामगढ़ से सीकर और झुंझुनू में यह पेपर पहुंचा था इसलिए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की जांच में इस परीक्षा के पेपर लीक होने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी लगातार जांच एजेंसी को मिल रही है इसीलिए इस परीक्षा को रद्द किया गया है एनटीए डीजी ने कहा कि जिसने भी पेपर लीक किया है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इस तरह की घटना नहीं हो इसके लिए और भी ठोस प्रबंध किए जाएंगे पत्रकारों को संबोधित करते हुए एनटीए डीजे ने कहा कि परीक्षा के 100 प्रतिशत पारदर्शक ढंग से आयोजित होने के क्रम में अगर एक प्रश्न भी आउट होता है तो यह परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है इसलिए इस परीक्षा का दोबारा से आयोजन करवाया जा रहा है एनटीए की ओर से परीक्षा के रद्द करने के बाद इस परीक्षा को लेकर प्रदेश भर में छात्रों में नाराजगी भी छाई हुई है और आकर्षित भी हैं नाराजगी भी छाई हुई है और छात्र गुस्से में भी हैं छात्रों का कहना है कि इस परीक्षा के लिए कई महीनो तक कड़ी मेहनत करते हैं घर वालों से दूर रहते हैं लाखों रुपए परीक्षा की तैयारी में खर्च करते हैं कोचिंग इंस्टिट्यूट ज्वाइन करने के लिए महीना तक घरवालों से नहीं मिलते और जब परीक्षा होती है तो लोग बड़े पैसे खर्च करके पेपर हासिल कर लेते हैं और पास भी हो जाते हैं और जो बच्चे मेहनत करते हैं उनका नंबर नहीं आ पाता इसलिए परीक्षाएं ईमानदारी से और पारदर्शक तरीके से संपादित हो सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए जानकारी के अनुसार मंगलवार को सीकर में स्थित कई कोचिंग इंस्टिट्यूट के छात्रों ने पेपर लीक के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया और अपनी नाराजगी जाहिर की सीकर के अलावा प्रदेश के कई अन्य शहरों में भी छात्रों की ओर से प्रदर्शन की जा रहे हैं और इस मामले को लेकर अब कांग्रेस पार्टी के नेता भी खुलकर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

## ग्रीष्मावकाश में यात्रियों की सुविधा हेतु 3 जोडी स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधासाबरमती-शकूरबस्ती-साबरमती,असारवा-शकूरबस्ती-असारवा (दो जोडी) स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसारः गाडी संख्या 09125, साबरमती-शकूरबस्ती स्पेशल दिनांक 22.5.26, शुक्रवार को साबरमती से 21.35 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर 7.25 बजे आगमन व 7.35 बजे प्रस्थान कर 14.00 बजे शकूरबस्ती पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09126, शकूरबस्ती-साबरमती स्पेशल दिनांक 25.5.26, सोमवार को शकूरबस्ती को 3.00 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 8.50 बजे आगमन व 9.00 बजे प्रस्थान कर 20.30 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में आबूरोड, पिंडवाडा, मदार व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 18 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे। गाडी संख्या 09127, असारवा-शकूरबस्ती स्पेशल दिनांक 22.5.26, शुक्रवार को असारवा से 23.15 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर 12.00 बजे आगमन व 12.10 बजे प्रस्थान कर 18.30 बजे शकूरबस्ती पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09128, शकूरबस्ती-असारवा स्पेशल दिनांक 24.5.26, रविवार को शकूरबस्ती को 21.20 बजे रवाना होकर अगले दिन



जयपुर स्टेशन पर 2.45 बजे आगमन व 2.55 बजे प्रस्थान कर 16.30 बजे असारवा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में डूंगरपुर,उदयपुर सिटी, अजमेर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 18 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे। गाडी संख्या 09131, असारवा-शकूरबस्ती स्पेशल दिनांक 23.5.26, शनिवार को असारवा से 3.30 बजे रवाना होकर 23.30 बजे शकूरबस्ती पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09132, शकूरबस्ती-असारवा स्पेषल दिनांक 25.5.26, सोमवार को शकूरबस्ती को 3.15 बजे रवाना होकर 23.05 बजे असारवा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में डूंगरपुर, रिखब देव रोड, उदयपुर सिटी, मदार व रेवाडी (वाया रींगस) स्टेशनों पर ठहराव करेगी।इस रेलसेवा में 18 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे।

## नेशन फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट और सेल्फ लास्ट ही संगठन की मूल विचारधारा : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार, 12 मई को दौसा स्थित श्याम यूनिवर्सिटी में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत 'हमारा सैद्धान्तिक अधिष्ठानः एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पंचनिष्ठाएं' सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति केवल विचारों से, आचरण और चरित्र से बनती है। संगठन, राष्ट्रवाद, अनुशासन, त्याग और सांस्कृतिक मूल्य ही राष्ट्र निर्माण का आधार हैं। उन्होंने कहा कि इस शपथ ग्रहण में हमें अपनी पार्टी के संस्थापकों विशेषतौर से संघ के संस्थापक के जीवन को समझना होगा। हेगड़े जी का जीवन हम समझें तो पता चलेगा कि वे साधारण परिवार में सीमित आवश्यकताओं में रहने वाले थे। संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण का माध्यम है और भगवद्गीता भी कर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के मन में देश और समाज के लिए कुछ करने का भाव होना चाहिए और जब यही भावना सामूहिक रूप लेती है तो वह संगठन और राष्ट्र शक्ति बन जाती है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल सेवा करना, समाज को सामर्थ्यवान बनाना और देश को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसा परिवार है जो राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलता है। नेशन फर्स्ट, पार्टी नेक्स्ट और सेल्फ लास्ट ही संगठन की मूल विचारधारा है। शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विचारधारा समाज, प्रकृति और मानवता को एक सूत्र में जोड़ने की प्रेरणा देती है। जब लक्ष्य राष्ट्रहित हो और उसके लिए त्याग व बलिदान की भावना हो, तभी मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। भाषा, धर्म, परंपराएं और त्योहार अलग हो सकते हैं, लेकिन राष्ट्रभाव हम सभी को जोड़ता है।उन्होंने कहा कि आज एआई और नई तकनीकों का दौर है। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी स्टार्टअप, नवाचार और नई शिक्षा नीति पर बल दे रहे हैं, इसके साथ भारतीय संस्कृति, पर्यावरण और मूल्यों को भी साथ लेकर चलना होगा।

# नीट यूजी पेपर लीक मामले की न्यायिक अधिकारी की देखरेख में हो जांच, सीबीआई पर लोगों का भरोसा नहीं: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नीट परीक्षा के पेपर लीक होने संबंधी खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे देश और प्रदेश के लाखों होनहार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया और कहा कि इस मामले की जांच किसी न्यायिक अधिकारी की देखरेख में होनी चाहिए क्योंकि सीबीआई पर लोगों का अब भरोसा नहीं रहा उन्होंने कहा कि यह बड़ी आश्चर्य की बात है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने इस मामले में मुकदमा तक दर्ज नहीं किया। जूली ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में राजस्थान के सीकर और अन्य स्थानों का नाम प्रमुखता से आना बेहद चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। आज प्रदेश के लाखों परीक्षार्थी और उनके अभिभावक गहरे संशय और मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए ताकि पर्दे के पीछे छिपे असली दोषियों को बेनकाब किया जा सके। साथ ही जूली ने केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना



साधते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण देश में और राजस्थान में और तेल-गैस संकट लगातार चल रहा है लेकिन पहले प्रधानमंत्री और भाजपा के नेता चुनावी राज्यों में हेलीकॉप्टर उड़ाने में व्यस्त थे। बहुत देर कर दी मेहरबां आते-आते और अब जब चुनाव दौरे निपट गए तब पीएम मोदी आम जनता को बचत की सीख दे रहे हैं और सोना न खरीदने जैसी बातें कह रहे हैं।

वहीं कोटा में प्रसूताओं की मौत पर गहरा दुःख जताते हुए जूली ने इस पूरी दुखांतिका की न्यायिक जांच की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्रीअपनी चुनावी जनसभाओं में बड़े-बड़े दावे करते थे कि उनकी सरकार के समय पेपर लीक नहीं हुए लेकिन हकीकत आज सबके सामने है। जूली ने सवाल उठाया कि इससे पहले भी ओएमआर शीट में हुई गड़बड़ियों को लेकर सरकार ने आज तक स्थिति साफ क्यों नहीं की? ओएमआर शीट घोटाले पर छाई चुप्पी के बीच अब नीट पेपर लीक की खबरों ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि केवल मंचों से भाषण देने और धरातल पर पारदर्शी व्यवस्था लागू करने में बड़ा अंतर होता है जिसका खामियाजा आज युवा भुगत रहे हैं।

जूली ने कहा कि यह वही भाजपा है जिसने पूर्व में पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जमकर राजनीति की और प्रदेश के युवाओं को गुमराह कर सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। आज जब इनके राज में नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा का पेपर लीक होने की खबरें आ रही हैं तो इनका दोहरा चेहरा उजागर हो गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए थी, क्योंकि यह किसी दल का नहीं बल्कि देश के भविष्य का सवाल है। भाजपा ने पहले युवाओं को बरगलाया और अब खुद उन्हीं के कार्यकाल में पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं, जो इनकी प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है।

नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि पिछली कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक जैसी बुराई पर लगाम लगाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाई थी। कांग्रेस शासन के दौरान ही पेपर लीक के खिलाफ देश का सबसे कठोर कानून बनाया गया ताकि अपराधियों में डर पैदा हो। जूली ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा युवाओं के हितों को सर्वोपरि रखा, लेकिन वर्तमान सरकार की शिथिलता के कारण भर्ती माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं।

जूली ने कोटा में प्रसूताओं की हुई दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलती है। उन्होंने इस पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि इन मौतों का जिम्मेदार कौन है।

कोटा में प्रसूताओं की असामयिक मृत्यु की खबर बेहद दुखद है। यह केवल एक चिकित्सा विफलता नहीं, बल्कि प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की एक बड़ी त्रासदी है।

जूली ने केंद्र और राज्य सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से देश ने देखा है कि कैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों को जीतने के लिए संसाधनों की बर्बादी की गई। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री जी के हेलीकॉप्टर लगातार उड़ते रहे, चुनावी रैलियों का अंबार लगा रहा, वहीं दूसरी ओर अब वही सरकार आम जनता को पेट्रोल और डीजल बचाने की नसीहत दे रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की समस्याओं को छोड़कर मुख्यमंत्री जी भी लगातार हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरों में व्यस्त रहे, जिससे स्पष्ट होता है कि इनके लिए जनहित से ऊपर हमेशा सत्ता रही है।

## सम्पादकीय

# सरकार तय करे निचले वर्ग पर न पड़े विपरीत प्रभाव




पश्चिम एशिया में संघर्ष का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। ऊर्जा संकट और व्यापार में बाधाओं के कारण पैदा हुई चुनौतियों का दायरा बढ़ता जा रहा है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और मुद्रा (रुपये) के लगातार कमजोर होने से देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। उधर, अमेरिका और ईरान के तल्ख तेवरों से शांति समझौते पर बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है। ऐसे में अब मौजूदा संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों को अमल में लाना जरूरी हो गया है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को देश की जनता से पेट्रोलियम उत्पादों का संयमित तरीके से उपयोग करने, सोने की खरीदारी से परहेज करने, गैर जरूरी विदेश यात्रा से बचने और स्थानीय वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। सरकार का मानना है कि इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत दुनिया भर में जारी ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से सामना कर सकेगा। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, जिससे सरकारी कोष को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसमें दोराय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में भारत सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है, लेकिन देश की जरूरत मुख्य तौर पर अभी भी जीवाश्म ईंधन से पूरी की जा रही है। ऐसे में जरूरी है कि मौजूदा संकट के दौरान आयातित ऊर्जा संसाधनों का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से और वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही किया जाए। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से तेल की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिससे ऊर्जा का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। खबरों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से वैश्विक ऊर्जा कीमतों में हुई बढ़ोतरी से देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिस कारण आने वाले दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ सकते हैं। हालांकि, अभी तक सरकार ने पेट्रोल-डीजल और घरेलू रसोई गैस के दामों को नियंत्रित करने के प्रयास किए हैं, लेकिन संकट गहराने से अब यह सब आसान नहीं होगा। इसके लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करना होगा, ताकि प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री के आह्वान से इस बात के संकेत भी मिल रहे हैं कि आने वाले समय में रोजमर्रा के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। यानी कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पाद जैसी वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। खबरों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करने वाली देश की प्रमुख कंपनियां मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। प्रधानमंत्री के ये सुझाव कि कोरोना काल की तरह घर से काम करने समेत अन्य तरीकों पर फिर से अमल करना, खाद्य तेल की खपत कम करना और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाना, यह सब मौजूदा संकट की गंभीरता को दर्शाता है। यह सही है कि संकट जब गंभीर हो, तो उससे निपटने के लिए सरकारी उपायों के साथ-साथ आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे उसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं

## कहानी

# निराला गुड्डा

'अब तक इस मकान में झाड़ू नहीं दी गई?' शमीम ने रौब जमाया...

'तो बड़ी काम-चोर हो गई है शहनाज़। ' और शहनाज़ अपने फटे हुए दुपट्टे से घरौंदे को इस तरह तनदही से साफ़ करने लगी जैसे वाक़ई वो इस घर की मामा हो और शमीम उसकी मालकिन। लोग अक्सर कहा करते हैं कि बच्चों में अमीर-ओ-ग़रीब की तमीज़ नहीं होती। वो खेलते वक़्त ये ख़्याल नहीं करते कि उनका साथी अमीर है या ग़रीब। लेकिन शहनाज़ को मालूम था कि ये हक़ीक़त नहीं है। वो समझती थी अगर ये बात सच होती तो शमीम और उसकी अमीर सहेलियाँ हमेशा खुद शहज़ादी बन कर और मसहरी पर लेट कर उससे पैर न दबवाया करतीं। कभी उसे भी शहज़ादी बनने का हक़ हासिल था। लेकिन उसे इस हक़ से महरूम कर दिया गया था। खेलों में भी उसे मामा, चोर और बंदर जैसे ही पार्ट अदा करने पड़ते थे। ये बे-इंसाफ़ी क्यों की जाती थी उसके साथ? क्या सिर्फ़ इसलिए कि वो एक ग़रीब उस्तानी की लड़की थी। आह! उसने सोचा, 'अगर मेरे अब्बा जान की टाँगें फ़ौज में ज़ख़्मी न हो जातीं तो मैं भी शमीम की तरह मज़े करती। और बे-चारी अम्मी को स्कूल में दो सौ रुपय माहवार की नौकरी न करनी पड़ती। '

वो तक़रीबन पूरे घरौंदे को साफ़ कर चुकी थी। बे-ख़्याली में उसका हाथ ग़लत पड़ा और घरौंदे का बावर्ची-ख़ाना गिर गया। एक-दो हत्तड़ उसकी पीठ पर पड़ा।

'कमीनी!' शमीम चीख़ी।

'हमारा बावर्ची-ख़ाना गिरा दिया। चल निकल यहाँ से, हमें तुझ जैसी काम-चोर मामा की ज़रूरत नहीं है।' और फिर उसने चोटी पकड़ कर उसे घरौंदे की हद से बाहर निकाल दिया। वो चुप-चाप मुँह लटका कर कल्लू तेली के चबूतरे पर बैठ गई और देखती रही कि प्रोफ़ेसर अल्ताफ़ हुसैन की लड़की रिहाना को बुला कर शमीम उसी के साथ खेलने लगी। फिर घर जा कर वो सूजी, घी, शकर और कई छोटे बर्तन ले आई। दोनों ने मिल कर हंडकलिया पकाई। जितना खाया गया खाया और बाक़ी अपने कुत्ते रूबी को बुला कर खिला दिया।

और उस रात टूटे हुए पलंग पर लेट कर शहनाज़ को हमेशा की तरह जल्द ही नींद न आई। उसका नन्हा सा दिमाग़ इधर-उधर चक्कर काटता रहा। और फिर न जाने कब नींद की देवी ने उसे अपनी आग़ोश में ले लिया। शहनाज़ ने ख़्वाब में देखा कि उसके लंगड़े अब्बा जान अच्छे हो गए हैं। उनका नाम भी अब सिर्फ़ सिद्दीक़ नहीं रहा बल्कि शमीम के डैडी सर मुहम्मद याक़ूब की तरह उन्हें भी सर मुहम्मद सिद्दीक़ कहा जाता है और फिर उसने देखा कि उसके पास शमीम और रिहाना की तरह भड़कीली पोशाकें, क़ीमती जूते और बहुत अच्छे अच्छे खिलौने हैं। फिर उसने अपने बाग़ में झूला डलवाया। उसे यूँ महसूस हुआ जैसे वो खुद झूले पर बैठी है और शमीम पीछे खड़ी हो कर उसे झूला झुला रही है। पींग बढ़ती गई, बढ़ती ही गई और फिर झूले की रस्सी टूट गई। उड़ा उड़ा धड़ाम, वो टूटी हुई पलंगड़ी के नीचे पड़ी थी और अम्मी जान उसके ऊपर झुकी थीं।

'क्या हुआ मेरी बच्ची?' उन्होंने कहा... 'कुछ नहीं अम्मी, कुछ भी तो नहीं।' वो अपने आँसू पी कर बोली... और दूसरे दिन सुबह वो दिन-भर शमीम के घर नहीं गई। शाम को अम्मी स्कूल से आईं तो देखा कि वो अब तक मुँह लपेटे बिस्तर पर पड़ी थी। 'आज हमारी बेटी खेलने नहीं गई?' उन्होंने पूछा... 'नहीं।' अब्बा जान ने जवाब दिया, 'आज तो सुबह से घर में है। ' 'जाओ बेटी, दिन-भर घर में घुसे रहना ठीक नहीं।' उन्होंने उसके सर पर हाथ फेरते हुए कहा, 'जा कर खेल आओ। ' वो बाहर आई तो जैसे शमीम उसी का इंतिज़ार कर रही थी। 'अरे शहनाज़!' वो घरौंदे में से चीख़ी, 'तुम तो जैसे पर्दे में ही बैठ गईं, आओ खेलें। ' शहनाज़ का दिल बाग़-बाग़ हो गया। लेकिन जैसे ही क़रीब पहुँची उसे मालूम हो गया कि शमीम इतनी मीठी-मीठी बातें क्यूँ कर रही थी। चने की दाल, घी, शकर और बहुत सा दूसरा सामान छोटे-छोटे बर्तनों में रखा था। शहनाज़ चने का हलवा बहुत लज़ीज़ बनाती थी

# परीक्षा प्रणाली पर उठते सवाल : क्या प्रतिभा से ज्यादा मजबूत हो गया है पेपर लीक नेटवर्क ?

*हाल ही में आयोजित नीट 2026 परीक्षा एक कथित 'गेस पेपर' को लेकर विवादों में आ गई है। राजस्थान की एसओजी के हाथ लगे इस कथित गेस पेपर की सच्चाई पर अभी भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसकी पूरी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जिस प्रकार की बातें सामने आ रही हैं, उसने अभ्यर्थियों, अभिभावकों और समाज को चिंता में जरूर डाल दिया है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि सोशल मीडिया के माध्यम से सीकर के एक कंसल्टेंसी संचालक तक यह पेपर पहुंचा था और इसे पांच-पांच लाख रुपये में बेचने की कोशिश की गई। बताया जा रहा है कि 150 पृष्ठों के इस कथित गेस पेपर में दिए गए 410 प्रश्नों में से लगभग 120 प्रश्न परीक्षा में हूबहू आने के दावे किए जा रहे हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है। शायद यही कारण भी रहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(एनटीए) को स्वयं इस संदर्भ में(नीट यूजी परीक्षा के संदर्भ में) सार्वजनिक रूप से सफाई देनी पड़ी। एजेंसी ने स्वीकार किया कि कुछ संदिग्ध इनपुट केंद्रीय एजेंसियों को जांच के लिए भेजे गए हैं, हालांकि उसने यह भी दोहराया कि परीक्षा पूरी तरह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई थी। अब यहां पर सबसे बड़ा सवाल, यक्ष प्रश्न यह खड़ा होता है कि आखिर हर बड़ी परीक्षा के बाद भरोसे का संकट क्यों उत्पन्न हो जाता है?*



सुनील कुमार महला

हाल ही में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट-यूजी परीक्षा के संदर्भ में एक विस्तृत प्रेस रिलीज़ जारी कर यह स्पष्ट किया है कि वह निष्पक्ष, सुरक्षित और भरोसेमंद परीक्षाएं कराने तथा परीक्षा प्रणाली की ईमानदारी बनाए रखने के लिए सभी जांच एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनटीए ने यह भी स्वीकार किया कि उसे राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) द्वारा नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के आसपास कथित गड़बड़ियों को लेकर शुरू की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट्स की जानकारी है। पाठकों को बताता चलूं कि एनटीए के अनुसार 3 मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा निर्धारित समय पर और कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के बीच संपन्न हुई थी। प्रश्नपत्रों को जीपीएस-ट्रैक्ड वाहनों के माध्यम से भेजा गया था तथा उन पर यूनिक और ट्रेस किए जा सकने वाले वॉटरमार्क आइडेंटिफायर्स लगाए गए थे। परीक्षा केंद्रों की निगरानी एक सेंट्रल कंट्रोल रूम से एआई-असिस्टेड सीसीटीवी मॉनिटरिंग के जरिए की जा रही थी। प्रत्येक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन किया गया तथा परीक्षा केंद्रों पर फाइव-जी जैमर्स भी सक्रिय थे। एनटीए का कहना है कि परीक्षा प्रक्रिया सभी केंद्रों पर योजनानुसार शांतिपूर्वक पूरी हुई, लेकिन परीक्षा के चार दिन बाद यानी कि 7 मई 2026 की देर शाम एजेंसी को परीक्षा के आसपास कथित गड़बड़ियों से जुड़े कुछ इनपुट प्राप्त हुए। इन इनपुट्स को 8 मई 2026 की सुबह स्वतंत्र सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेज दिया गया। एनटीए ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है और एजेंसियां उचित समय पर तथ्यों को सामने लाएंगी। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिकांश वास्तविक अभ्यर्थियों की मेहनत और ईमानदारी पर कोई प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता और न ही उसे कम करके आंका जाना चाहिए। साथ ही, एनटीए ने माना कि इस प्रकार की खबरों से विद्यार्थियों में चिंता और मानसिक दबाव पैदा होता है, इसलिए उसने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे जांच एजेंसियों को अपना कार्य पूरा करने का अवसर दें। एजेंसी के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय से परामर्श लेकर उचित समय पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस संदर्भ में एनटीए ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं ताकि अभ्यर्थियों की शंकाओं का समाधान किया जा सके।बहरहाल, यह कहना गलत नहीं होगा कि वर्तमान समय घोर प्रतिस्पर्धा का दौर है और इस दौर में लगभग हर परीक्षा कठिन और तनावपूर्ण हो चुकी है। हाल ही में आयोजित नीट 2026 परीक्षा एक कथित 'गेस पेपर' को लेकर विवादों में आ गई है। राजस्थान की एसओजी के हाथ लगे इस कथित गेस पेपर की सच्चाई पर अभी भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसकी पूरी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जिस प्रकार की बातें सामने आ रही हैं, उसने अभ्यर्थियों, अभिभावकों और समाज को चिंता में जरूर डाल दिया है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि सोशल मीडिया के माध्यम से सीकर के एक कंसल्टेंसी संचालक तक यह पेपर पहुंचा था और इसे पांच-पांच लाख रुपये में बेचने की कोशिश की गई। बताया जा रहा है कि 150 पृष्ठों के इस कथित गेस पेपर में दिए गए 410 प्रश्नों में से लगभग 120 प्रश्न परीक्षा में हूबहू आने के दावे किए जा रहे हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है। शायद यही कारण भी रहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(एनटीए) को स्वयं इस संदर्भ में(नीट यूजी परीक्षा के संदर्भ में) सार्वजनिक रूप से सफाई देनी पड़ी। एजेंसी ने स्वीकार किया कि कुछ संदिग्ध इनपुट केंद्रीय एजेंसियों को जांच के लिए भेजे गए हैं, हालांकि उसने यह भी दोहराया कि परीक्षा पूरी तरह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई थी। अब यहां पर सबसे बड़ा सवाल, यक्ष प्रश्न यह खड़ा होता है कि आखिर हर बड़ी परीक्षा के बाद भरोसे का संकट क्यों उत्पन्न हो जाता है? लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों की कठिन मेहनत, बहुत सा पैसा और धन खर्च करके तनाव और उम्मीदों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन जैसे ही पेपर लीक, गड़बड़ी या फर्जीवाड़े की खबर सामने आती है, पूरी परीक्षा व्यवस्था संदेह के घेरे में आ जाती है। भले ही बाद में जांच एजेंसियां सच और अफवाहों के बीच अंतर स्पष्ट कर दें, लेकिन तब तक विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और व्यवस्था पर भरोसा बुरी तरह प्रभावित हो चुका होता है। कहना गलत नहीं होगा कि आज प्रतियोगी परीक्षाएं केवल प्रतिभा की नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता की परीक्षा बनती जा रही हैं। चाहे नीट हो, शिक्षक भर्ती परीक्षा, पुलिस भर्ती, पटवारी परीक्षा, एसएससी या राज्यों की अन्य छोटी-बड़ी भर्तियां-आज लगभग लगभग हर परीक्षा के बाद यही प्रश्न उठता है कि क्या मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को वास्तव में न्याय मिलेगा? सबसे बड़ी चिंता की बात तो यह है कि पेपर लीक अब अपवाद नहीं रहा, बल्कि यह धीरे-धीरे एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें केवल दलाल ही नहीं, बल्कि कई बार कोचिंग नेटवर्क, तकनीकी विशेषज्ञ, प्रिंटिंग सिस्टम से जुड़े लोग और अंदरूनी तंत्र तक शामिल पाए जाते हैं। करोड़ों रुपये का यह अवैध खेल युवाओं के भविष्य पर भारी पड़ रहा है। जब कोई परीक्षा रद्द होती है तो लाखों अभ्यर्थियों का समय, पैसा और मानसिक संतुलन प्रभावित होता है। गांवों से शहरों तक परीक्षा देने आने वाले गरीब परिवारों के सपने एक झटके में टूट जाते हैं। कई युवा वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार होने वाली गड़बड़ियों से उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है। यही कारण है कि अब यह केवल शिक्षा व्यवस्था की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि युवाओं के भविष्य, मेहनत और देश की प्रतिभा पर सीधा आघात बन चुकी है। ऐसी स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर इसका स्थायी और ठोस समाधान क्या हो सकता है? दरअसल, इसके लिए सबसे पहले हमें हमारी परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह तकनीक आधारित, सुरक्षित और पारदर्शी बनाना होगा। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक एन्क्रिप्टेड डिजिटल सिस्टम लागू किए जाने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं,परीक्षा शुरू होने से कुछ समय पहले ही प्रश्नपत्र सुरक्षित माध्यम से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचें और उनका एक्सेस केवल सीमित अधिकृत अधिकारियों तक रहे, हालांकि ऐसा सुनिश्चित किया जा रहा है, लेकिन इस ओर और अधिक ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।आज के समय में सीसीटीवी की अनवरत निगरानी, बायोमेट्रिक उपस्थिति, एआई आधारित मॉनिटरिंग और डिजिटल ट्रैकिंग जैसी व्यवस्थाएं गड़बड़ियों को काफी हद तक रोक सकती हैं। एनटीए द्वारा अपनाई गई जीपीएस-ट्रैक्ड ट्रांसपोर्टेशन, एआई-असिस्टेड सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और फाइव-जी जैमर्स जैसी व्यवस्थाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती हैं, लेकिन यदि इसके बावजूद संदेह पैदा हो रहा है तो सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है।दूसरा, पेपर लीक मामलों में त्वरित और कठोर दंड बेहद जरूरी है। हालांकि,पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ कुछ राज्यों ने भी कठोर कानून और सख्त दंड का प्रावधान किया है। मसलन,हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने 'पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) बिल' पारित किया है, जिसमें पेपर लीक, नकल और सॉल्वर गैंग पर 3 से 10 वर्ष तक की सजा तथा भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार से उत्तर प्रदेश सरकार ने पेपर लीक और सॉल्वर गैंग पर सख्त कानून लाने की घोषणा की है तथा इसमें कठोर जेल, भारी जुर्माना और संपत्ति जब्ती जैसे प्रावधानों की चर्चा हुई है।उत्तराखंड में पेपर लीक मामले के बाद राज्य में सख्त कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट और कठोर कानूनी कदम उठाए गए। कई आरोपियों की संपत्तियों पर भी कार्रवाई हुई। यहां पाठकों को बताता चलूं कि राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल रोकने के लिए राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के उपाय) (संशोधन) विधेयक, 2023 के तहत बेहद सख्त कानून लागू है। इसमें दोषी पाए जाने पर 5 से 10 साल तक की जेल और ?10 लाख से लेकर ?10 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान है। इस कानून के तहत प्रमुख प्रावधानों में क्रमशः संपत्ति कुर्की भी शामिल है तथा इसे गैर-जमानती अपराध माना गया है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि इन सबके अलावा वर्ष 2024 में केंद्र सरकार ने भी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट लागू किया है, जिसमें 10 साल तक की जेल और ?1 करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार (संपूर्ण भारत के लिए) केंद्र ने 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024' लागू किया है। इसके तहत पेपर लीक, उत्तर पुस्तिका से छेड़छाड़ और संगठित नकल पर अधिकतम 10 वर्ष की जेल तथा 1 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती बनाए गए हैं। हाल फिलहाल यहां यह कहना चाहूंगा कि अक्सर यह देखा जाता है कि जांच वर्षों तक चलती रहती है, जिससे अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो जाता है। ऐसे मामलों के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें गठित की जानी चाहिएं ताकि कम समय में दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके। दोषियों पर भारी आर्थिक दंड लगाया जाना चाहिए, और उनकी संपत्ति जब्त की जानी चाहिए तथा उन्हें आजीवन किसी भी परीक्षा प्रक्रिया से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। यदि किसी अधिकारी, कर्मचारी या परीक्षा तंत्र से जुड़े व्यक्ति की मिलीभगत सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। तीसरा, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करना अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी परीक्षा में सुरक्षा चूक, लापरवाही या प्रशासनिक कमजोरी सामने आती है तो संबंधित संस्था और अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित होनी चाहिए। केवल विद्यार्थियों पर दोबारा परीक्षा का बोझ डाल देना समाधान नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र में सुधार लाना भी उतना ही आवश्यक है। इसके साथ ही कोचिंग माफिया और संगठित गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए। कई बार बेरोजगार युवाओं की मजबूरी और प्रतियोगिता के दबाव का फायदा उठाकर बड़े नेटवर्क इस प्रकार के अपराधों को अंजाम देते हैं। साइबर सेल, खुफिया एजेंसियों और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ऐसे गिरोहों को समय रहते पकड़ना होगा।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें समाज में ईमानदारी, नैतिकता और मेहनत के प्रति विश्वास का वातावरण बनाया होगा। जब तक सफलता को किसी भी कीमत पर हासिल करने की मानसिकता बनी रहेगी, तब तक ऐसी घटनाओं को पूरी तरह समाप्त करना मुश्किल है। अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को युवाओं में यह विश्वास मजबूत करना होगा कि सच्ची सफलता केवल मेहनत, ईमानदारी और प्रतिभा से ही प्राप्त होती है।

# नई रक्षा तकनीक अपनाए भारत

*यूक्रेन ने पिछले साल रूस का एक ऐसा ड्रोन पकड़ा था जो एआइ से चलने के कारण दुश्मन के ठिकानों की खुद टोह लगाकर नष्ट करने की क्षमता रखता था। इसे सामान्य ड्रोन की तरह संकेत लेने और भेजने की जरूरत नहीं थी, इसलिए उसे जाम भी नहीं किया जा सकता था। रूस के रक्षा उद्योग के बारे में यह धारणा रही है कि वह केंद्रीय नियंत्रण और सेना की संस्थागत परंपराओं की जकड़न में बंधा है, जहां कोई व्यापक परिवर्तन बड़ी मुश्किल से होता है। हालांकि यूक्रेन युद्ध की चोट ने उसके पारंपरिक सोच को बदल दिया है। इस क्रम में रूस ने शुरुआत ईरान के शाहीन ड्रोन से की थी, जिनमें परिष्कार करते हुए वह स्वायत्त रूप से काम कर सकने वाले ड्रोनों तक पहुंचा है। उसने एआइ और स्वायत्त शस्त्रास्त्रों के विकास के लिए अपने रक्षा अनुसंधान क्षेत्र को पूरी तरह खोल दिया है। निजी क्षेत्र के स्टार्टअप, प्रयोगशालाएं*

रूस यूक्रेन से दस गुना शक्तिशाली परमाणु महाशक्ति है, लेकिन चार साल लंबी लड़ाई के बावजूद यूक्रेन को नहीं झुका पाया है। अमेरिका ईरान से सौ गुना शक्तिशाली परमाणु महाशक्ति है, मगर दो महीनों के विनाशकारी हमलों के बावजूद ईरान को नहीं झुका पाया है। कारण शायद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के गत माह के उस दावे में छिपा है कि उनकी सेना के स्वायत्त रूप से काम करने वाले रोबोट वाहनों और ड्रोन प्रणाली ने एक रूसी मोर्चे पर कब्जा कर लिया और तीन रूसी सैनिकों को बंदी बना लिया। लगता है दुनिया फिर उस युग में प्रवेश कर रही है, जहां सेनाओं की जगह उनके शस्त्रास्त्रों का आपस में संग्राम हुआ करेगा।



यूक्रेन इस समय रूसी सैनिकों, वाहनों और ठिकानों को नष्ट करने, युद्ध में फंसे सैनिकों को रसद पहुंचाने और घायल सैनिकों को निकालने के लिए स्वायत्त रूप से काम करने वाली रोबोट प्रणाली का प्रयोग कर रहा है। चार साल से चल रही लड़ाई में यूक्रेन के लगभग डेढ़ लाख सैनिक मारे जा चुके हैं, इसलिए वह रूस की सीमा पर 30 से 40 किमी चौड़ी पट्टी को ऐसे क्षेत्र में बदलना चाहता है, जहां स्वायत्त रोबोट और ड्रोन दुश्मन को देखते ही मार दें। पिछले साल जून में उसने सौ से अधिक ड्रोन के जरिये रूस में चार हजार किमी भीतर तक हवाई ठिकानों के एक तिहाई विमानों को नष्ट कर दिया था। ऐसे शस्त्रास्त्रों के विकास में रूस भी पीछे नहीं है। यूक्रेन ने पिछले साल रूस का एक ऐसा ड्रोन पकड़ा था जो एआइ से चलने के कारण दुश्मन के ठिकानों की खुद टोह लगाकर नष्ट करने की क्षमता रखता था। इसे सामान्य ड्रोन की तरह संकेत लेने और भेजने की जरूरत नहीं थी, इसलिए उसे जाम भी नहीं किया जा सकता था। रूस के रक्षा उद्योग के बारे में यह धारणा रही है कि वह केंद्रीय नियंत्रण और सेना की संस्थागत परंपराओं की जकड़न में बंधा है, जहां कोई व्यापक परिवर्तन बड़ी मुश्किल से होता है। हालांकि यूक्रेन युद्ध की चोट ने उसके पारंपरिक सोच को बदल दिया है। इस क्रम में रूस ने शुरुआत ईरान के शाहीन ड्रोन से की थी, जिनमें परिष्कार करते हुए वह स्वायत्त रूप से काम कर सकने वाले ड्रोनों तक पहुंचा है। उसने एआइ और स्वायत्त शस्त्रास्त्रों के विकास के लिए अपने रक्षा अनुसंधान क्षेत्र को पूरी तरह खोल दिया है। निजी क्षेत्र के स्टार्टअप, प्रयोगशालाएं और यहां तक कि कुछ स्कूल भी ड्रोन और रक्षा उपकरणों में एआइ से स्वायत्त क्षमता के विकास में लगे हैं। युद्ध के मैदान से हर रोज हजारों वीडियो आते हैं, जिनका आकलन कर उनकी जानकारी को ड्रोन और स्वायत्त वाहनों में भरा जाता है। स्वायत्त ड्रोनों और रोबोट वाहनों को मानवाधिकार कार्यकर्ता 21वीं सदी का परमाणु बम बताते हैं। इन स्वायत्त प्रणालियों के प्रयोग से जहां सैनिकों की जान का जोखिम कम होगा, वहीं आम नागरिकों की जान का जोखिम बढ़ सकता है, क्योंकि एआइ से काम कर रहा ड्रोन सैनिक और नागरिक में कैसे भेद कर पाएगा? लड़ रहे सैनिक और समर्पण कर रहे सैनिक में कैसे भेद कर पाएगा? रूस तो यह सब चार साल से चल रही लड़ाई जीतने के लिए बना रहा है, क्योंकि उसे यूक्रेन के नागरिकों को होने वाले नुकसान की परवाह नहीं है, लेकिन यूरोप, अमेरिका और भारत जैसे देशों को स्वायत्त प्रणालियों के जोखिम पर भी विचार करना होगा। इसके बावजूद अमेरिका पूरे जोश के साथ स्वायत्त रक्षा प्रणालियों के विकास में जुटा है। चूंकि उसने ईरान के साथ हुए युद्ध में ड्रोन की मारक क्षमता देख ली है, इसीलिए युद्ध मंत्री पीटर हेगसेथ का कहना है कि अमेरिका को एआइ की सबसे बड़ी सामरिक शक्ति बनना है। इसे ही ध्यान में रखते हुए पेंटागन ने एआइ विकास में अग्रणी गूगल, ओपनएआइ, एमेजान, माइक्रोसाफ्ट, स्पेसएक्स, ओरेकल और एनवीडिया जैसी कंपनियों के साथ कदमताल शुरू की है। ड्रोन विकास के लिए संभवतः उसे यूक्रेन से ही मदद लेनी होगी

# उचित अपील पर आपत्ति



प्रतिकूल परिस्थितियों में बचत का सुझाव देना अथवा किफायत बरतने की अपील करना कभी भी अनावश्यक नहीं हो सकता, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि विपक्ष को प्रधानमंत्री की इस सलाह पर आपत्ति है कि मौजूदा हालात में लोग पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में संयम बरतें, वर्क फ्राम होम की संस्कृति अपनाएं, विदेश यात्रा से बचें, सोना न खरीदें और देश में ही विवाह समारोह आयोजित करें। आखिर उन संसाधनों के उपयोग में किफायत क्यों नहीं बरती जानी चाहिए, जिनके आयात में विदेशी मुद्रा खर्च होती है? क्या यह किसी से छिपा है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते भारत समेत अधिकांश देशों के आयात बिल बढ़ रहे हैं और इसका बुरा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है? हर किसी को इससे परिचित होना चाहिए कि डालर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से अर्थव्यवस्था को दोहरा नुकसान हो रहा है। यह नुकसान न बढ़ने पाए, इसके लिए प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संसाधनों के संयमित उपयोग की जो सीख दी, वह सही समय पर दी गई एक उचित सलाह है। जब विपक्ष को इस पर आपत्तियां खड़ी करने के स्थान पर मौके की नजाकत समझनी चाहिए, तब वह ऐसी प्रतीति करा रहा है, जैसे प्रधानमंत्री लोगों को डरा रहे हैं या फिर अपनी असमर्थता बयान कर रहे हैं। राहुल गांधी समेत जो विपक्षी नेता प्रधानमंत्री की सही सलाह को उनकी नाकामी बता रहे हैं, उन्हें इससे परिचित होना चाहिए कि गाढ़े वक्त में जनता से संसाधनों के उपयोग में संयम बरतने का आग्रह पहले भी अनेक बार किया जा चुका है? उन्हें इससे भी अवगत होना चाहिए कि अमेरिका और ईरान में टकराव के चलते होर्मुज समुद्री मार्ग बंद होने से जो ऊर्जा संकट उपजा है, उसके नतीजे में पड़ोसी देशों समेत अधिकांश देशों में पेट्रोल और डीजल के मूल्य बढ़ाने पड़े हैं। क्या यह उल्लेखनीय नहीं कि भारत में अभी तक ऐसा करने की नौबत नहीं आई है? इसकी भी अनदेखी न की जाए कि कहीं-कहीं गैस की थोड़ी किल्लत अवश्य देखने को मिल रही है, लेकिन पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में कहीं कोई बाधा इसके बाद भी देखने को नहीं मिली है

# गोदाम निर्माण का राजस्थान मॉडल बना अन्य राज्यों के लिए मिसाल

## अध्ययन के लिए उत्तर प्रदेश का दल पहुंचा जयपुर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** सहकार से समृद्धि' अभियान के अंतर्गत संचालित 'सहकारिता क्षेत्र में विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते राजस्थान अब अन्य राज्यों के लिए भी मिसाल बन गया है। योजना के क्रियान्वयन में राज्य देश में प्रथम स्थान पर है। गोदाम निर्माण के राजस्थान मॉडल का अध्ययन करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का एक दल प्रदेश दौरे पर है। दल में शामिल सदस्यों ने मंगलवार को नेहरू सहकार भवन में सहकारिता विभाग के शासन सचिव व रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा से भेंट कर राजस्थान में गोदाम निर्माण की



कार्यप्रणाली, वित्तीय मॉडल व मॉनिटरिंग सिस्टम की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डॉ. शर्मा ने दल को बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भण्डारण क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में गोदामों का निर्माण संबंधित सहकारी समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है, जिससे एजेंसियों के कमीशन का अतिरिक्त भार समाप्त होने के कारण निर्माण लागत में कमी आई है। राज्य में गोदाम 4000 से 5500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से निर्मित किए जा रहे हैं, जो अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। साथ ही, विभागीय स्तर पर नियमित निगरानी व मॉनिटरिंग के माध्यम से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। शासन सचिव ने बताया कि सभी गोदामों का निर्माण डब्ल्यूडीआरए के निर्धारित मानकों व मापदण्डों के अनुरूप किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक गोदाम के लिए 25 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है तथा गोदाम निर्माण के लिए शत-प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है। गोदामों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्हें किराये पर उपलब्ध कराने के लिए विभाग की ओर से विस्तृत एसओपी भी जारी की गई है। डॉ. शर्मा ने जानकारी दी कि राज्य में 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले कुल 250 गोदामों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 100, वर्ष 2025-26 में 100 तथा वर्ष 2026-27 में 50 गोदामों का निर्माण लक्षित है। इससे राज्य में कुल 1.25 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त भण्डारण क्षमता का सृजन होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के तहत 98 गोदामों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 91 गोदाम निर्माणाधीन हैं। वर्ष 2026-27 के लिए गोदामों के चयन की प्रक्रिया जारी है। दल ने अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रोसेसिंग) शुद्धोधन उज्ज्वल व संयुक्त रजिस्ट्रार (प्रोसेसिंग) कल्पना जोशी से भी विस्तार से चर्चा कर राजस्थान मॉडल की तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को समझा। साथ ही, दल ने फील्ड विजिट कर निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके गोदामों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण व श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड के मुख्य अभियंता परीक्षित त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता सतेन्द्र सिकरवार तथा एफसीआई के सहायक महाप्रबंधक प्रतीक के. शर्मा शामिल हैं।

# फुलेरा जंक्शन मार्ग विस्तार पर व्यापार महासंघ गंभीर, 8 सदस्यीय कमेटी गठित





जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** व्यापार महासंघ फुलेरा की महत्वपूर्ण बैठक रामद्वारा में अध्यक्ष मनोज आहूजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में फुलेरा जंक्शन के आवागमन मार्ग को चौड़ा करने के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का जंक्शन के विकास कार्यों के लिए आभार जताते हुए कहा कि वर्तमान मार्ग अब छोटा पड़ रहा है और रेल विभाग भी नगरपालिका को इसे चौड़ा करने के लिए पत्र लिख चुका है। बैठक में व्यापारियों की राय जानने के बाद सर्वसम्मति से 8 सदस्यीय कमेटी गठित की गई, जो चार दिनों में मौके का निरीक्षण कर समाधान सुझाएगी। इसके बाद 17 मई को पुनः बैठक आयोजित कर अंतिम निर्णय नगरपालिका को सौंपा जाएगा। कमेटी में विमल जैन, त्रिलोक शर्मा, प्यारे लाल कुमावत, सुरेश मिश्रा, रतन चौधरी, सूजाराम कुमावत, सुरेश रावका व मुकेश सैन को शामिल किया गया। बैठक में ट्रांसपोर्ट संचालकों ने वर्ष 2021 के बाद किराया नहीं बढ़ने और बढ़ती महंगाई का मुद्दा उठाया। इस पर व्यापार महासंघ ने पुरानी किराया सूची मंगवाकर वर्तमान दरों में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी पर सहमति जताई। अंत में व्यापार महासंघ अध्यक्ष ने सभी व्यापारियों व मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नर्सिंग कर्मियों को दी शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर अस्पताल व स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों, स्टाफ नर्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।इस अवसर पर राजस्थान राज्य बेरोजगार नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष राजवीर यादव दिवराला ने कहा कि नर्सिंग कर्मी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ अपनी मेहनत, सेवा भावना



और मानवता के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मरीजों की देखभाल से लेकर आपातकालीन परिस्थितियों तक नर्सिंग कर्मियों का योगदान अतुलनीय है। राजवीर यादव दिवराला ने सभी नर्सिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित रखने में नर्सिंग समुदाय की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकार से नर्सिंग युवाओं के हितों एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की भी मांग की। अंत में सभी नर्सिंग कर्मियों को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, सेवा और त्याग को नमन किया गया।

# लाइसेंस नहीं लेने पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, दो दिन में आठ प्रतिष्ठान किए बंद




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर ने बिना आरएमए ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मालवीय नगर जोन में दो दिनों के भीतर आठ प्रतिष्ठानों को बंद करवा दिया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश एवं मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार संबंधित प्रतिष्ठानों को पूर्व में नोटिस जारी कर नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में लाइसेंस नहीं लेने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत विभिन्न कैफे, भोजनालय और रेस्टोरेंट को अगले आदेश तक बंद किया गया है। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, कैंटीन, मिठाई की दुकान, बेकरी, नमकीन फैक्ट्री तथा आइसक्रीम प्रतिष्ठानों का संचालन आरएमए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही किया जा सकता है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों से नियमों की पालना करने की अपील करते हुए कहा कि बिना लाइसेंस संचालन करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# निःशुल्क अनुसूचित आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जिले के सैपऊ तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने कराने की दृष्टि से 19 से 22 मई तक चार दिवसीय निःशुल्क अनुसूचित आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि तहसील सैपऊ में 19 मई को बारा में, 20 मई को दूबेपुरा में, 21 मई को नगला भदौरिया में तथा 22 मई को कुम्हेरी में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# 15 घंटे में चोरी का खुलासा, पिकअप व 5 लाख रुपये का सामान बरामद, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा(निस)।** फुलेरा थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का महज 15 घंटे में खुलासा करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी गई पिकअप गाड़ी एवं करीब 5 लाख रुपये कीमत का छत भरने का सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद आईपीएस ने बताया कि परिवादी सोनाराम पुत्र भैराराम जाट निवासी हबसपुरा थाना सांभरलेक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी पिकअप गाड़ी आरजे 14 GD 9748 को फुलेरा-जोबनेर रोड स्थित किराए के गोदाम के बाहर खड़ी की गई थी। सुबह गोदाम पहुंचने पर गाड़ी व सामान गायब मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन में थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी सहायता व सूचना संकलन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामचरण गुर्जर को जयपुर शहर के भांकरोटा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पिकअप गाड़ीआरजे 14 GD 9748 तथा लगभग 5 लाख रुपये कीमत का छत भरने का सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी रामचरण पुत्र रमेश चंद गुर्जर (29) निवासी बामन्या खेड़ी, थाना शाहंजापुर, जिला शाजापुर मध्यप्रदेश का रहने वाला है। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर आगे की जांच में जुटी हुई है।

# *मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क, कलक्टर ने जारगा में तैयारियों का लिया जायजा*



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित बसेड़ी दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने ग्राम पंचायत जारगा पहुंचकर संभावित कार्यक्रम स्थलों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने गांव में साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित रात्रि चौपाल स्थल एवं ग्रामीण संवाद कार्यक्रम के लिए चिन्हित स्थानों का जायजा लेकर वहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को देखते हुए हैलीपेड निर्माण के लिए संभावित स्थान का भी निरीक्षण किया गया। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उपयुक्त स्थान चिन्हित कर आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जारगा गांव में रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे और क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास कार्यों की जानकारी लेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के रात्रि विश्राम तथा अगले दिन ग्राम भ्रमण की भी संभावना जताई जा रही है।

प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर सुनिश्चित की जा रही हैं।

# 108 कुंडीय श्रीराम मारुति महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड

## मंत्री जोगाराम पटेल, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा व विधायक कुलदीप धनकड़ आदि ने की शिरकत

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** बजरंगपुरा स्थित श्री झीड़ा का बालाजी धाम में महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज व पुजारी सावरमल व्यास के सानिध्य में आयोजित 108 कुंडीय श्री राम मारुति महायज्ञ के छठवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित किया तथा मेले में लगे झूलों एवं धार्मिक आयोजनों का आनंद लिया। महायज्ञ में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था के बीच वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम निरंतर जारी है। पुजारी सुरेश शास्त्री ने बताया कि महायज्ञ के छठवें दिन करीब 45 हजार श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। वहीं अब तक यज्ञ में 27 लाख से अधिक आहुतियां पूर्ण हो चुकी हैं। सुबह से देर रात तक यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जयपुर शहर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश बदलीवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों व लोगों ने पहुंचकर यज्ञ में आहुति दी तथा संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।लोक कलाकारों ने डफ पर लोकगीतों व



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा वाचक रणवीर शेखावाटी ने कथा प्रसंग में महर्षि विश्वामित्र की ओर से भगवान श्रीराम को मांगने तथा धनुष यज्ञ के लिए जनकपुर ले जाने की प्रेरणादायक कथा सुनाई। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। यज्ञाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, यज्ञ ब्रह्मा पंडित गोपाल जोशी व पंडित अनिल जोशी ने बताया कि महायज्ञ में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ हवन-पूजन का क्रम लगातार जारी है। इस दौरान महामंडलेश्वर महंत मोहनदास जी नीलका धाम, मंदिर पुजारी कमलेश शास्त्री, बजरंगपुरा प्रशासक रामनिवास मौर्य, कैरली प्रशासक रामजीलाल यादव, जिला पार्षद हरफूल कसाना, पूर्व सरपंच पूरणमल मीणा, विनोद मीणा, सोहन सेठ, बुधाराम ठेकेदार, मामराज रैया, प्रकाश राठी, गिरधारी यादव, युवा नेता महेश यादव, बागावास अहिरान सरपंच प्रशासक रामेश्वर प्रसाद यादव, शिक्षाविद् केएल स्वामी सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा ने की कार्रवाई

# 58 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 22 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अम्बाबाड़ी सर्किल से मॉल रोड़, बियानी कॉलेज रोड़, शिवम अस्पताल रोड़, नेशनल हैण्डलूम विद्याधर नगर, बड़ी चैपड़, त्रिपोलियां बाजार, छोटी चैपड़, किषनपोल बाजार, बोरड़ी का रास्ता किशनपोल बाजार, रायसर प्लाजा इंदिरा बाजार, जयंती मार्केट, अजमेर रोड, जैकब रोड़, राजीव नगर शांति नगर खातीपुरा रोड़, एन.बी.सी हसनपुरा, संसार चन्द्र रोड़, जालुपुरा, अनाज मंडी सूरजपोल, हीदा की मोरी, रामगंज बाजार, पीतल फैक्ट्री, शास्त्री नगर जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 58 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 22 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अम्बाबाड़ी सर्किल से मॉल रोड़, बियानी कॉलेज रोड़, शिवम अस्पताल रोड़, नेशनल हैण्डलूम विद्याधर नगर, बड़ी चैपड़, त्रिपोलियां बाजार, छोटी चैपड़, किशनपोल बाजार, बोरड़ी का रास्ता किषनपोल बाजार, रायसर प्लाजा इंदिरा बाजार, जयंती मार्केट, अजमेर रोड, जैकब रोड़, राजीव नगर शांति नगर खातीपुरा रोड़, एन.बी.सी हसनपुरा, संसार चन्द्र रोड़, जालुपुरा, अनाज मंडी सूरजपोल, हीदा की मोरी, रामगंज बाजार, पीतल फैक्ट्री, शास्त्री नगर जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 22 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 58 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम ने मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल फुलेरा, जिला जयपुर

क्रमांक :- न.पा. फु. / 2026-27/428 दिनांक :-.- 12/05/2026

**-: आपत्ति सूचना:-**

एतद् द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियो ने नामान्तरण / फौती नामान्तरण / उपविभाजन / पुर्नगठन हेतु इस कार्यालय मे लिये आवेदन प्रस्तुत किया है :-

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | पट्टाधारक / नामान्तरण धारक का नाम | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सोनू देवी पत्नि श्री नन्दलाल | प्लाट नं. 50, वाके नेहरू नगर, बालाजी रोड के पास दयाल नगर व फुलेरा | श्री प्रहलाद सहाय वर्मा पुत्र श्री भंवर लाल वर्मा | 194.44 | नामान्तरण |
| 2 | श्री हरि दास वर्मा पुत्र श्री पोखर मल वर्मा | प्लाट नं. 40 वाके श्री चित्रगुप्त नगर फुलेरा | श्री कैलाश चन्द चौधरी पुत्र श्री गोपाल लाल चौधरी | 138.88 | नामान्तरण |
| 3 | श्रीमती उच्छब कँवर पत्नि स्व. श्री भवानी सिंह, श्री सज्जन सिंह, श्री भास्कर सिंह खगांरोत पुत्रान स्व. श्री भवानी सिंह, सुश्री जस कँवर पुत्री स्व. श्री भवानी सिंह | प्लाट नं. 68 वाके नेहरू नगर, दयाल नगर, बालाजी रोड़ फुलेरा | श्री पुरूषोत्तम शर्मा पुत्र श्री श्रीराम शर्मा, श्री विष्णु गौतम शर्मा पुत्र श्री गणपत लाल शर्मा | 157.44 | फौती नामान्तरण |
| 4 | श्री जयराम जाट पुत्र श्री भैरू राम | प्लाट नं. 26 वाके विजय नगर कॉलोनी, पांच बत्ती चौराहा, पुराना फुलेरा | श्री चम्पा लाल शर्मा पुत्र श्री फूलचन्द शर्मा | 200.00 | नामान्तरण |
| 5 | श्री नानू राम जाट पुत्र श्री हनुता राम जाट | दुकान नं. 65 66 67 वाके इन्द्रा बाजार फुलेरा | श्री प्यारेलाल कुमावत, बाबुलाल कुमावत पुत्रान श्री मेघराज कुमावत | 56.66 | नामान्तरण |
| 6 | श्री मोहित सरसवाल पुत्र श्री हनुमान लाल सरसवाल | प्लाट का दक्षिणी हिस्सा वाके ढाणी कारीगरान फुलेरा | श्री रामलाल पुत्र श्री नारायण लाल व श्रीमती भंवरी देवी पत्नि श्री छगन लाल | 210.00 | उपविभाजन / नामान्तरण |
| 7 | श्रीमती भूरी देवी पत्नि श्री वंशीलाल नोदल, सायर देवी पुत्री श्री बंशी लाल नोदल, भाग चन्द जाट पुत्र श्री बंशी लाल जाट, सुरेश चन्द नोदल पुत्र श्री वंशी लाल नोदल, राजेन्द्र कुमार जाट पुत्र श्री बंशी लाल | व्यवसायिक भूखण्ड़ नं. 71 - एस वाके न्यू कॉलोनी फुलेरा | श्री भंवर लाल पुत्र श्री छगन दास | 50.00 | फौती नामान्तरण |

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथी से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित मे आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्तारकर्ता को प्रस्तुत करावे । बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी ।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**



# अगले प्रोजेक्ट में कॉमेडी भूमिका निभाएंगे ईशान!

अभिनेता ईशान खट्टर ने अपने छोटे से करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। पिछले साल आई उनकी फिल्म 'होमबाउंड' को ग्लोबल स्तर पर काफी सराहा गया। फिल्म ऑस्कर के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री भी थी। अब ईशान खट्टर एक बार फिर एक नए तरह के किरदार में नजर आने वाले हैं। दर्शकों ने ईशान को इस तरह के किरदार में पहले कभी नहीं देखा है।

## कॉमेडी भूमिका निभाएंगे ईशान!

रिपोर्ट के मुताबिक, ईशान खट्टर अब एक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन अभी तक बिना नाम वाली इस फिल्म का निर्देशन पलाश वासवानी करेंगे, जो 'गुल्लक' जैसी लोकप्रिय वेब सीरीज के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में ईशान पहले ही मुख्य भूमिका में हैं। निर्माता अब फीमेल एक्ट्रेस और अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए कास्टिंग कर रहे हैं। खबरों के अनुसार, फिल्म की शूटिंग अगले कुछ महीनों में शुरू हो जाएगी।

## 'द रॉयल्स सीजन 2' में नजर आएंगे ईशान

वर्कफ्रंट की बात करें तो ईशान खट्टर को आखिरी बार पिछले साल आई फिल्म 'होमबाउंड' में देखा गया था। नीरज घायवान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उनके साथ विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारतीय शहर में दो बचपन के दोस्तों चंदन, एक दलित और शोएब एक मुस्लिम की कहानी है। दोनों पुलिस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। लेकिन परीक्षा परिणामों में देरी से सब कुछ बदल जाता है। ईशान अब 'द रॉयल्स सीजन 2' में नजर आएंगे। निर्माताओं ने इस साल की शुरुआत में सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा की थी।



# टॉक्सिक में यश के साथ बोल्ड सीन वाली खबरों पर कियारा आडवाणी ने दिया रिएक्शन

कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इस साल सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। जब इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ तो इसमें दिखाए गए बोल्ड सीन चर्चा का विषय बन गए। हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि कियारा और यश के बीच फिल्म में कुछ बोल्ड सीन हैं। खबरें यह भी थीं कि कियारा ने मेकर्स से उन सीन को थोड़ा कम करने की गुजारिश की है। इस मामले पर अब कियारा ने रिएक्शन दिया है।

## कियारा ने दिया रिएक्शन

इस तरह की खबरों को कियारा आडवाणी ने सिरे से खारिज किया है जिनमें कहा गया था कि उन्होंने मेकर्स से बोल्ड सीन कम करने की गुजारिश की है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें यश के साथ उनकी तस्वीर है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'बिल्कुल बकवास!' कियारा के यह साफ करने के बाद कि ये खबरें झूठी हैं, यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म में उनके और यश के बीच कोई बोल्ड सीन होंगे या नहीं।

## इस वजह से टल गई रिलीज डेट

'टॉक्सिक' इस साल मार्च में, ईद के मौके पर रिलीज होने वाली थी। हालांकि, इसकी रिलीज डेट 4 जून 2026 तक के लिए टाल दी गई थी, ताकि यह फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' के साथ क्लैश होने से बच जाए। मगर कुछ दिनों पहले मेकर्स ने एलान किया कि फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर आगे बढ़ाई जा रही है।




## 4 जून को नहीं रिलीज होगी फिल्म

मेकर्स ने एक नोट शेयर किया, जिसमें लिखा था, 'टॉक्सिक' पूरी हो चुकी है। हम इस समय इसके ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन और पार्टनरशिप को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, हमने अपनी रिलीज टाइमलाइन को फिर से तय करने का फैसला किया है। हालांकि पहले घोषणा की गई थी कि हम इसे 4 जून को रिलीज नहीं करेंगे। हम इसे बाद में तय की गई किसी तारीख पर रिलीज करेंगे।'

## कौन है फिल्म की निर्देशक

अब यश के फैंस बेसब्री से फिल्म की नई रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में कियारा और यश के अलावा नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे कलाकार हैं। इसमें यश डबल रोल में होंगे। इसके निर्देशक गीतू मोहनदास हैं।



# मेरे लिए 'लुक्खे' में गुरबानी का किरदार निभाना एक घर वापसी जैसा है

म्यूजिकल एक्शन-ड्रामा वेब सीरीज 'लुक्खे' पंजाब की गलियों, वहां की आपसी प्रतिद्वंद्विता, जबरदस्त एक्शन और रैप संगीत के शानदार मेल को बखूबी दर्शाता है। इसकी कहानी एक युवा एथलीट लकी के इर्द-गिर्द घूमती है। उसकी दुनिया में तब मोड़ आता है, जब उसे ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए पंजाब की खतरनाक रैप दुनिया में कदम रखना पड़ता है। जैसे-जैसे वह इस अंडरवर्ल्ड के भीतर जाता है, वह न केवल अपराध बल्कि प्यार, परिवार, पछतावे और दोस्ती के जटिल जाल में फंस जाता है। ट्रेलर एक ऐसे सफर की ओर इशारा करता है, जहां एक खिलाड़ी को अपनी नैतिकता और मिशन के बीच चुनाव करना पड़ता है। इस सीरीज के जरिए रैपर किंग अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। सीरीज में अभिनेत्री राशी खन्ना पुलिस अधिकारी गुरबानी की भूमिका में नजर आएंगी। इसको लेकर अभिनेत्री ने कहा, 'यह सीरीज केवल रोमांस और रैप बैटल्स के बारे में नहीं है, बल्कि उस धुंधली सीमा के बारे में है, जहां सही और गलत के बीच फर्क करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। मेरे लिए गुरबानी का किरदार निभाना एक घर वापसी जैसा है। क्योंकि भले ही मैंने कई भाषाओं में काम किया हो, लेकिन पंजाबी मेरी असली जड़ है। गुरबानी एक ऐसी लड़की है, जो अपने अंदर बहुत सारा अनकहा दुख समेटे हुए है। वह अपनी आवाज ऊंची नहीं करती, लेकिन उसकी मौजूदगी स्क्रीन पर गहरा असर डालती है। वह एक कोमल लड़की भी है और जरूरत पड़ने पर एक तेज-तर्रार पंजाबन भी।' राशी ने स्क्रिप्ट की सराहना करते हुए शो के निर्माता अग्रिम, डेबोज और निर्देशक हिमांकर का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस जटिल कहानी को खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है।

# रश्मिका मंदाना ने पूरा किया फिल्म 'माइसा' का शेड्यूल

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने मंगलवार को अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'माइसा' का केरल शेड्यूल पूरा कर लिया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के जरिए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म की टीम के साथ एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपनी पूरी टीम के साथ मुस्कुराते हुए पोज दे रही हैं। वीडियो में सेट की थकान के बावजूद पूरी टीम के चेहरे पर काम पूरा होने की खुशी साफ देखी जा सकती है। रश्मिका ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए लिखा, 'दोस्तों, एक छोटा सा अपडेट यह है कि हमने केरल में माइसा का एक लंबा शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। ये कुछ प्यारे लोग हैं, जिन्होंने बहुत मेहनत की और इस प्रोजेक्ट को मुमकिन बनाया। आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया। मैं जल्द ही दोबारा सेट पर वापसी करूंगी।' फिल्म 'माइसा' में रश्मिका का किरदार उनके पिछले किरदारों से काफी अलग और चुनौतीपूर्ण होने वाला है। केरल की खूबसूरत लोकेशन्स पर इस फिल्म के कई अहम सीन फिल्माए गए हैं। रश्मिका ने निर्देशक रविंद्र पुल्ले और प्रोडक्शन हाउस 'अनफॉर्मूला फिल्म्स' को भी इस बेहतरीन अनुभव के लिए टैग किया है। 'माइसा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना गोंड जनजाति की महिला का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन राविंद्र पुल्ले कर रहे हैं। वहीं अजय और अनिल सैय्यापुरेड्डी ने अपने बैनर अनफॉर्मूला फिल्म्स के तहत इसे प्रोड्यूस किया है। 'माइसा' हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।



# मैंने जिंदगी में हमेशा आगे बढ़ना सीखा है

एक्टिंग की दुनिया में कई सितारे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं, लेकिन कुछ कलाकार असफलताओं और निजी संघर्षों का सामना करते हुए टूट भी जाते हैं। हालांकि कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं जो हर मुश्किल के बाद और मजबूत होकर सामने आते हैं। ऐसी ही हैं रश्मि देसाई, जिन्होंने अपने करियर और निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। बातचीत में रश्मि ने अपने संघर्ष, सपनों, असफलताओं और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीने को लेकर खुलकर बात की। रश्मि देसाई ने खुद को एक मजबूत सोच वाली सिंगल महिला बताते हुए कहा, 'मैंने जिंदगी में हमेशा आगे बढ़ना सीखा है। मेरे लिए जिंदगी में बदलाव आना बिल्कुल सामान्य बात है, और यही जीवन का सबसे बड़ा सच भी है। हर चीज एक समय के बाद बदल जाती है, इसलिए इंसान को भी बदलाव को अपनाना सीखना चाहिए।' उन्होंने कहा, ''मैंने अपनी जिंदगी से एक सबसे अहम बात सीखी है और वह है लगातार आगे बढ़ते रहना। अगर इंसान रुक जाता है तो वह पीछे छूट जाता है, इसलिए मुश्किल हालात में भी आगे बढ़ना जरूरी होता है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''जैसे-जैसे इंसान जिंदगी में आगे बढ़ता है, वैसे-वैसे उसके सपने भी बड़े होते जाते हैं। सपने देखने पर कोई टैक्स खर्च नहीं लगता। इसलिए इंसान को बिना डरे बड़े सपने देखने चाहिए। हर व्यक्ति को खुद को हर कदम पर चुनौती देनी चाहिए और अपनी क्षमता को पहचानने की कोशिश करनी चाहिए। इंसान का काम अपनी तरफ से पूरी मेहनत करना है, बाकी चीजें भगवान पर छोड़ देनी चाहिए।'' रश्मि ने अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर को भी याद किया। उन्होंने कहा, ''मैंने कई बार असफलताओं का सामना किया है। मैं जिंदगी में कई बार गिरी हूं, लेकिन हर बार खुद को संभाला और फिर से खड़ी हुई। असफलताएं इंसान को बहुत कुछ सिखाती हैं। सफलता इंसान को खुशी देती है, लेकिन असफलता उसे मजबूत बनाती है और जिंदगी की असली सीख देती है।'' उन्होंने कहा, ''एक सिंगल महिला होने के बावजूद मैंने कभी खुद को कमजोर नहीं समझा। मैं मानसिक रूप से बहुत मजबूत हूं और किसी भी मुश्किल परिस्थिति में हार मानने में विश्वास नहीं रखती। जिंदगी में मुश्किलें सभी के सामने आती हैं, लेकिन जरूरी यह है कि इंसान उनका सामना कैसे करता है।'' रश्मि ने कहा मैं अपने काम को लेकर एक खास पैटर्न और अनुशासन फॉलो करती हूं।





# इतने साल इंडस्ट्री में टिके रहना बहुत बड़ी बात है

**पंजाबी फिल्मों और बॉलीवुड में काम कर चुकीं एक्ट्रेस सोनम बाजवा फिर से अपनी एक पंजाबी फिल्म 'पिट्टू सियापा' के साथ लौट आई हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में काफी कुछ बताया।**

**आपकी फिल्मी सफर बहुत ही दिलचस्प रहा। आपने मॉडलिंग भी की है, साउथ में भी काम किया है और पंजाबी से लेकर बॉलिवुड तक में काम किया है। आप अपनी इस यात्रा को कैसे देखती हैं?**

जब मैं अपना सफर देखती हूं, तो कभी सोचा नहीं था कि यहां तक पहुंच जाएंगे या ज़िंदगी में कुछ कर लेंगे। जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो सोचती हूं कि आखिर कैसे हुआ। क्योंकि मैंने सारे डिसीज़न तो सही नहीं लिए। जब आप एक फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं आते, आपकी कोई ट्रेनिंग नहीं है, कोई आपको गाइड करने वाला नहीं है, आपको पीछे से सपोर्ट देने वाला नहीं है, तो आपकी एक गलती भी आपको बहुत पीछे लेकर जा सकती है। मुझे लगता है कि मैंने ऐसे कई फैसले लिए जो शायद नहीं लेने चाहिए थे, कई जगह हां बोला, जहां ना कहना चाहिए था। लेकिन वही है न कि आप अपनी गलतियों से सीखते हैं और आगे बढ़ते हैं। तो बस मुझे यही लगता है कि मैंने बहुत शिद्दत और ईमानदारी से काम किया और लोगों का प्यार मिलता रहा। तभी तो इतनी सारी गलतियां भी माफ हो गईं। कई प्रोजेक्ट्स जो शायद नहीं करने चाहिए थे, वह भी ऑडियंस भूल जाती है क्योंकि ऑडियंस को आप अपने लगने लगते हैं। इतने साल इंडस्ट्री में टिके रहना बहुत बड़ी बात है। मैंने कभी नहीं सोचा था मैं यहां तक पहुंच जाऊंगी।

**आपकी फिल्म पिट्टू सियापा का कॉन्सेप्ट बहुत दिलचस्प है। क्या आप कभी ऐसी सिचुएशन से असल ज़िंदगी में भी रूबरू हुई हैं?**

समाज में जब आप रहते हैं तो आपकी ज़िंदगी में कभी ना कभी तो होता ही है कि जब आप किसी के फ्यूनरल में जाते हैं। मेरी भी लाइफ में ऐसा हुआ है। मुझे पक्का यकीन था कि मेरी पहली फिल्म के बाद मुझे कोई काम नहीं मिलने वाला। पता नहीं कैसे मुझे पंजाब 1984 मिली, जिसे नैशनल अवॉर्ड मिला। उस फिल्म ने मेरे करियर का ग्राफ तो चेंज किया ही, मेरा सोचने का तरीका भी बदल दिया। और वहां से मैंने सोचा कि अब मैं फिल्मों में ही काम करूंगी। और वहां से यहां तक के सफर में बहुत कुछ मिला, जो कि बिल्कुल भी आसान नहीं था।

**आपकी फिल्म में डायलॉग है जिसमें आप कहते हैं कि दिलजीत दोसांझ जिंदाबाद थे, हैं और रहेंगे। आपने तो फिल्म बॉर्डर 2 में साथ काम भी किया है। उनके साथ आपका अनुभव कैसा रहा?**

बॉर्डर 2 दिलजीत के साथ मेरी दूसरी फिल्म थी। पहली थी पंजाब 1984, उनकी भी सफलता बेमिसाल है, पंजाब में दर्शकों का दिल जीतने से लेकर भारत और अब एक ग्लोबल स्टार बनने तक। मैं जब भी उनकी तरफ देखती हूं तो यही अहसास होता है कि लाइफ में हमेशा बड़े सपने देखने चाहिए कि अगर उनके साथ ऐसा हो सकता है, तो मेरे साथ भी हो सकता है। दिलजीत वाकई बहुत मेहनती हैं और बहुत फोकस्ड भी हैं।

## पंजाबी सिनेमा ने अपनी पहचान बनाई, इसकी क्या वजह मानती हैं

मैं आपकी इस बात से बिल्कुल सहमत हूं कि लोग पंजाबियों को बहुत प्यार करते हैं, उनकी भाषा लोगों को बहुत स्वीट लगती है, बड़ी अपनी सी लगती है। संगीत में भी, कोई नॉन पंजाबी भी है, तो भी हर एक की प्ले लिस्ट में पंजाबी गाना होगा। पहले तो लोग कहते थे अरे ये डांसिंग डांस वाले गाने हैं, लेकिन आप सतेंद्र सरताज जी के गाने सुनें, वह जब मुंबई या पुणे में कॉन्सर्ट करते हैं, तो उनका कार्यक्रम सोल्ड आउट होता है। वह कोलकाता में करें, मुंबई में करें या पुणे में करें, बहुत सारे नॉन पंजाबी लोग उनके कॉन्सर्ट में आते हैं। तो शायद ये मेहरबानी कुदरत की है कि लोगों को इस भाषा से बहुत प्यार है, इस कल्चर से बहुत प्यार है। हिंदी सिनेमा भी बहुत समय तक पंजाब से जुड़ी कहानियां दिखाता आया है, तो लोगों के अंदर वह प्यार बना हुआ है। अभी पंजाबी इंडस्ट्री दूसरी फिल्म इंडस्ट्रीज़ की तुलना में बहुत नई और काफी छोटी है। इस इंडस्ट्री में अच्छा करने की बहुत संभावनाएं हैं। हम कोरियन सिनेमा, फ्रेंच कॉन्टेंट या इस्राइली सिनेमा भी सब-टाइटल्स के साथ देखते हैं। तो थोड़ा सा जो बैरियर है भाषा का, वह भी कम होता जा रहा है। मुझे लगता है कि ये भी एक कारण है कि लोग पंजाबी सिनेमा को इतना प्यार करते हैं।

## सांसद अग्रवाल ने दिया बिजौलियां को रेलवे लाइन से जोड़ने का आश्वासन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि ऐसे विद्यालय में बच्चों को जो संस्कार दिए जाते हैं वह जिंदगी भर काम आते हैं। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साधारण कार्यकर्ता थे। परंतु उनके कारण आज विश्व में भारत का मान बढ़ा हैं। सांसद ने एक किताब का विमोचन भी किया। विद्यालय के समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने विद्यालय समस्याओं के बारे में अवगत कराया। प्रधानाचार्य मिट्ठू लाल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पत्रकार वार्ता में सांसद ने जानकारी दी कि बिजौलियां को सिंगोली -नीमच-रतलाम रेलवे लाइन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में वह रेलवे मंत्री से बात कर के प्रयास शुरू करेंगे। सांसद कस्बे के मंदाकिनी मंदिर पहुंचे जहां पूजा- अर्चना कर महादेव के दर्शन किए और मन्दिर के संरक्षण के लिए मंत्री गजेंद्र सिंह से बात कर के विकास के लिए पूरा प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया।

## भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा क्षेत्र के गांव सामौर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य पं. तेजप्रकाश वशिष्ठ ने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि बच्चों को संपत्ति नहीं, संस्कार देने चाहिए। कथा में श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग सुनाते हुए 'नंद घर आनंद भयो' भजनों के साथ



नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूम उठे। यज्ञाचार्य पं. वेदप्रकाश वशिष्ठ व आचार्य यशपाल द्वारा प्रतिदिन हवन-पूजन कराया जा रहा है। कथा 7 मई से जारी है, जिसकी पूर्णाहुति व भंडारा 14 मई को होगा।

## हीटवेव से बचाव के लिए अस्पतालों में रखें पुख्ता इंतजामः जिला कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल, बिजली और मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को सभी चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव से बचाव के लिए आवश्यक दवाएं, ओआरएस घोल, पंखे, कूलर, एसी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही चिकित्साकर्मियों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आमजन से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचईडी विभाग को जरूरत पड़ने पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराने तथा विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम हरिराम मीना, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबलीराम जाट, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 को जनभागीदारी से रोकथाम पर रहेगा जोर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम जनभागीदारी डेंगू नियंत्रण के लिए जांच करें, सफाई रखें और ढककर रखें' निर्धारित की गई है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिलेभर में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। नगर निकायों के सहयोग से आमजन, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स को डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के समन्वय से सोर्स रिडक्शन गतिविधियां संचालित कर मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आमजन को घरों व आसपास साफ-सफाई रखने, पानी की टंकियों, कूलरों व अन्य जल पात्रों को ढककर रखने तथा जलभराव नहीं होने देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डॉ. मीणा ने कहा कि डेंगू से बचाव में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखे तथा मच्छरों को पनपने से रोके, तो डेंगू जैसी बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को श्री विवेक धाकड़ आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय नया गांव, बिजौलियां में किया जाएगा। पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैयालाल धाकड़ की प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

# गांव-गांव पहुंच रहे ग्राम रथों से जागरूक और लाभान्वित हो रहे हैं ग्रामीण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण और आकर्षक कार्यक्रम हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ इनका लाभ भी लिया जा रहा है। मंगलवार को अभियान के अंतर्गत राजाखेड़ा विधानसभा के चीलपुरा, गुनपुर, कठुमरी, महदपुर, बसेड़ी विधानसभा के हिंगोटा, गुर्जा, झील, खिड़ौरा, दोपुरा, धौलपुर विधानसभा के बदरीका, सरकना, पैंकरी, चितौरा तथा बाड़ी विधानसभा के गढ़ी खिराना, टोटरी, अलीगढ़ बड़ापुरा में एलईडी के माध्यम से जानकारी दी गई। इन गांवों में ग्राम रथ पहुँचते ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम स्थल



पर लोगों की भीड़ उमड पडी। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से जीवंत प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन और नुक्कड नाटकों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका एवं प्रचार सामग्री वितरित कर उन्हें जागरूक किया। ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रथ के साथ विशेष सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव और फीडबैक दर्ज कराए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुँचाकर उसे लाभ से जोड़ना है। ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की ऑडियो, वीडियो प्रस्तुति की व्यवस्था की गई है।

**आगे भी प्रचार-प्रसार का जारी रहेगा कार्यक्रम**

ग्राम रथ अभियान के अन्तर्गत 13 मई को विधानभा धौलपुर की ग्राम पंचायत चौराखेड़ा, गढ़ी चटोला, करीमपुर, पुरैनी, विधानसभा बाड़ी की ग्राम पंचायत कुरेंधा, नगला हरलाल, नंदपुरा, मालोनी पंवार, विधानसभा बसेड़ी की ग्राम पंचायत बौरेली, महुगुलावली, दौपुरा, सलेमपुर, विधानसभा राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत विपरपुर, विरौंधा, विपरपुर, टांडा, 14 मई को विधानसवभा धौलपुर की ग्राम पंचायत उमरारा, नरपुरा, नगर परिषद, फिरोजपुर, विधानसभा बाड़ी की ग्राम पंचायत पिपरौआ, रजौरा कलां, झीलरा, कैंथरी, विधानसभा बसेड़ी की ग्राम पंचायत बांसरई, बांसरई, बरई, बनौरा तथा विधानसभा राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत हिनौता, हिनौता, बोथपुरा, सिजरौली में प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अरविंद रावत ने सीएचसी भाद्राजून का किया निरीक्षण

### हीटवेव से बचाव के पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत नीति आयोग की ओर से आहोर ब्लॉक के लिए नियुक्त केंद्रीय प्रभारी अधिकारी एवं भारत सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निदेशक अरविंद रावत ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाद्राजून का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में सफाई, दवा उपलब्धता, मरीजों की सुविधाओं तथा हीटवेव एवं तापघात से बचाव के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने कार्मिकों की उपस्थिति रजिस्टरों की जांच की तथा रजिस्ट्रेशन काउंटर, मेडिकल वार्ड और विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बीसीएमओ को अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। मरीजों से संवाद करते हुए उन्होंने चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि उपचार सुविधापूर्ण एवं संवेदनशील माहौल में उपलब्ध कराया जाए।

भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए अरविंद रावत ने हीटवेव, लू-तापघात तथा मौसमी



बीमारियों से निपटने के लिए अस्पताल प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने लू प्रभावित मरीजों के लिए बनाए गए डेडिकेटेड वार्डों का निरीक्षण कर कूलर, एसी, शुद्ध पेयजल, आपातकालीन किट, बर्फ, ओआरएस, ड्रिप सेट, फ्लूड एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि हीटवेव व लू से प्रभावित मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। साथ ही अस्पताल में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता और उनके उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान आहोर उपखंड अधिकारी रोहित चौहान, बीसीएमओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## एएनटीएफ के आईजी ने जालोर स्कूल से ऑपरेशन लक्ष्मण रेखा अभियान किया शुरू






जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ विकास कुमार ने मंगलवार को जालोर जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय सीनियर स्कूल से 'ऑपरेशन लक्ष्मण रेखा' अभियान शुरू किया। आईजी विकास कुमार ने कहा कि भारत सरकार की योजना के तहत किसी भी शिक्षण संस्थान के 500 मीटर के दायरे अंदर किसी भी प्रकार के नशे का विक्रय नहीं होना चाहिए। अगर कोई स्कूल के पास किसी भी प्रकार की दुकान पर नशे की बिक्री होती है तो उसको वहां से तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करके बंद करवानी होगी। उन्होंने कहा कि नशे की इस प्रवृत्ति से बच्चों पर बुरा असर पड़ता है। आईजी विकास कुमार ने स्कूली बच्चों को नशे से संबंधित कुछ सवाल भी पूछे और सही उत्तर देने वालों को टॉफी देकर प्रोत्साहित भी किया। विकास कुमार ने कहा कि स्कूलों में शिकायत पेटिका रखी जाएगी, जिसमें स्कूली बच्चों को किसी भी प्रकार की शिकायत करनी हो तो अपनी शिकायत लिखकर उसे पेटिका में डालनी सकेंगे। हर 15 दिन में संबंधित थाने से उस पेटी को खोलकर शिकायत जानी जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आईजी विकास कुमार ने कहा कि राजस्थान की सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास को लेकर तत्पर है और प्रदेश में नशे पर अंकुश करने के लिए पुलिस पूरी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को भी अपने परिजनों को कार्यक्रमों में नशे का उपयोग करने से मना करना चाहिए, आईजी विकास कुमार ने इस दौरान स्कूली बच्चों को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा समेत पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पहले पुलिस लाइन में आईजी की मौजूदगी में तस्करों को पकड़ने की कार्रवाई का प्रशिक्षण हुआ। साथ ही आपदा स्थिति में कानून व्यवस्थाओं पर नियंत्रण बनाए रखने सम्बंधित परिस्थितियों का प्रशिक्षण लिया गया।

## ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूस्डे अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर

### नवजात बालिकाओं के नाम लगाए 33 पौधे



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार संचालित 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूस्डे' अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तगावली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव ने विद्यार्थियों को बाल विवाह, घरेलू हिंसा और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया। शिविर को संबोधित करते हुए सचिव रेखा यादव ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ कानूनन दंडनीय अपराध भी है। इससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास प्रभावित होता है और उनका भविष्य असुरक्षित हो जाता है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं बालिका की 18 वर्ष निर्धारित है। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व भावनात्मक प्रताड़ना से कानूनी संरक्षण प्राप्त है। साथ ही विद्यार्थियों को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन के अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को 'कोर्ट वाली दीदी' सुझाव पेटिका की जानकारी देते हुए बताया गया कि छात्र अपनी समस्याएं और शिकायतें लिखकर पेटिका में डाल सकते हैं, जिसकी चाबी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के पास रहती है। साथ ही नालसा टोल फ्री नंबर 15100, पुलिस हेल्पलाइन 100 व 112 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा 'रालसा वन व बालिका वर्ष 2025- सृजन की सुरक्षा योजना' के तहत चिन्हित गांव तगावली में नवजात बालिकाओं के परिवारजनों के साथ 33 पौधे रोपित किए गए। सचिव रेखा यादव ने तीन नवजात बालिकाओं के परिवारों को विशिष्ट पहचान पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह योजना बालिकाओं के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने का अभिनव प्रयास है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि महेश ठाकुर, अध्यापक जगपाल सिंह, एलडीसी रविंद्र सिंह, एएनएम चंद्रकला, आशा सहयोगिनी भगवती देवी, मंजू, साथिन, भारती राजपूत, मुन्नी देवी, पूनम, राधा, स्टेनो राहुल डंडौतिया, कनिष्ठ सहायक राजबहादुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आज रात पंसेरी रात्रि चौपाल में लेंगे भाग

### रानीवाड़ा विधानसभा के पंसेरी में आयोजित ग्राम विकास चौपाल में करेंगे शिरकत

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 13 व 14 मई जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे रानीवाड़ा विधानसभा के पंसेरी में ग्राम विकास चौपाल में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को सायं 4.30 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर सायं 5.20 बजे जसवंतपुरा तहसील के पंसेरी में बनाए गए हैलीपैड पर उतरेंगे। सायं 5.25 बजे हैलीपैड से रवाना होकर सायं 5.30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंसेरी (जसवंतपुरा) पहुँचेंगे जहाँ वे ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा रात्रि विश्राम पंसेरी में करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल गुरूवार को प्रातः भ्रमण के उपरांत प्रातः 10 बजे पंसेरी से रवाना होकर प्रातः 10.05 बजे हैलीपैड पहुँचेंगे तथा प्रातः 10.10 बजे हेलीकॉप्टर से डांगावास (मेड़ता) के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-भाटा जंग में 6 घायल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के नादोली गांव में सोमवार सुबह रास्ते को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-भाटा चलने लगे। संघर्ष में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी तमन सिंह पक्ष और आकाश पक्ष के बीच रास्ते को लेकर विवाद शुरू हुआ था। विवाद बढ़ने के साथ ही दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। घटना में एक पक्ष से तमन सिंह, रंजीत और दीपा घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से लाखन सिंह, आकाश और मोहन प्रकाश चोटिल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को उपचार के लिए शहीद राघवेंद्र सिंह परिहार स्वास्थ्य केंद्र राजाखेड़ा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर राजाखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची



और स्थिति को नियंत्रित किया। थाना अधिकारी गंभीर सिंह कसाना ने बताया कि नादोली गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि एक पक्ष की ओर से लिखित तहरीर प्राप्त हो गई है, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से अभी तक शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

fulera.jaipur@yahoo.com    Ph. 01425-284024

क्रमांक :- न.पा. फु/2026-27/424    दिनांकः- 12/05/2026

**-: आपत्ति सूचना :-**

एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | आवंटी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कविता वर्मा पत्नि श्री धर्मेन्द्र कुमार | श्रीमती सुन्दर देवी पत्नि स्व. श्री शंकर लाल धोलीवाल | आवासीय भूखण्ड वाके खसरा न. 626/1 गोरधनपुरा फुलेरा | 161.11 | नामान्तरण |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार नामान्तरण बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक :-न.पा.फु/2026-27/37/    दिनांकः- 8/5/26

**-: आपत्ति सूचना :-**

एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | मूल पट्टा धारक का नाम | प्रस्तावित भूखण्ड | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती किरण देवी पत्नि श्री सुरेन्द्र कुमार | श्री रामस्वरूप, सुरेन्द्र कुमार पुत्रान श्री रामपाल कुमावत | आवासीय भूखण्ड न. 17 वाके खसरा न. 747 शिव कोलोनी ढाणी नागान काचरोदा | 484.32 | लीज फ्री होल्ड आवासीय पट्टा |
| 2. | श्री आशीष कुमार कुमावत पुत्र श्री हीरालाल कुमावत | श्री रामस्वरूप, सुरेन्द्र कुमार पुत्रान श्री रामपाल कुमावत | आवासीय भूखण्ड न. 17 वाके खसरा न. 747 शिव कोलोनी ढाणी नागान काचरोदा | 300.00 | लीज फ्री होल्ड आवासीय पट्टा |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार आवासीय पट्टा / ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे । बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी ।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
13 मई, 2026

## शिक्षा से ही दूर होगी कुरीतियां: विधायक मनोज मेघवाल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मनोज मेघवाल ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बढ़ता नामांकन शुभ संकेत है तथा शिक्षा ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रशासक सविता राठी ने भामाशाहों एवं राज्य सरकार के सहयोग से निर्मित विद्यालय भवन में टीन शेड की आवश्यकता बताते हुए विधायक से मांग रखी, जिस पर विधायक ने सहमति जताई। कार्यक्रम में पूजा मेघवाल, आरुषि, मोनिका, दीपिका, भगवती, सुमन, राधिका, ममता सहित बेगराज राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों विशाखा, नीतू भार्गव, लीछमी, खुशी, रुचिका, रेशमी, लक्ष्मी, निशा, अनुसुइया, अंकिता, रामचंद्र, मोनिका, कांता व निशा को अतिथियों की ओर से साफा, माला एवं पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया गया। समारोह में उप प्रशासक गणपतदास स्वामी, प्रिंसिपल केशरी सिंह, प्रिंसिपल भागीरथ गर्ग, बीरबल सिंह, पूर्व सरपंच रूपाराम खींचड़, हुकमाराम मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत कैलाश, विक्रम, रेखाराम, मंगलाराम, दीपचंद, भींवाराम, झूमरमल, भागीरथ, चांदाराम, संजू, मनीराम, चतराराम, ओमप्रकाश प्रजापत, भागूसिंह ने साफा व माला पहनाकर किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी भंवरसिंह, कनिष्ठ सहायक ज्योति कच्छावा, नेमीचंद प्रजापत, शीतल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वस्ति वाचन कन्हैयालाल शर्मा ने किया।

## नर सेवा नारायण सेवा ही नर्सिंग प्रप्रोफेशन की पहचान:ईसराण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय नेत्र चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व नर्सिंग अधीक्षक मामराज ईसराण की अध्यक्षता में समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ फ्लोरेंस नाइट्एंगल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नुसरत गौरी व डॉ. विकास देवड़ा रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नर्सिंग अधीक्षक मामराज ईसराण ने कहा कि नर्सिंग एक सेवा का प्रोफेशन है। नर्सिंग साथी दिन-रात मरीजों की सेवा कर उनकों स्वास्थ्य लाभ दिलाते हैं। नर्सिग सेवा चिकित्सा क्षेत्र का सबसे अहम हिस्सा है, जो कि मरीज के हितों में सदैव लगे रहते हैं। नर्सिंग अधीक्षक मामराज इशराण ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में नर्स रीढ़ की हड्ड़ी की तरह नर्सिंग मरीजों की सेवा करते हैं। उन्होंने आगामी चिकित्सा व्यवस्था मे सुधार व नर्सिंग प्रोफेशन को सुदृढ बनाने के लिए नर्सिंग निदेशालय की मांग को सर्वोच्चता से प्रदेश स्तर पर रखने के लिए सभी से आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों ने नर्सिंग ऑफिसर का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रोशनी कस्वां, कैलाश ढ़ाका, सुमेर, रजनी चौधरी, भारती गुर्जर, शबनम, पूनम, अमृता शीला, अनिता, पिंटू, विनिता, शारदा चौधरी, प्रमोद सहित अनेक नर्सिंग ऑफिसर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग ऑफिसर विनोद महिचा ने किया।

## घुमन्तु जाति उत्थान न्यास का पुष्कर महाधिवेशन 16 को

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** घुमन्तु जाति उत्थान न्यास की ओर से 16 मई को घुमन्तु समुदाय के लिए पुष्कर तीर्थ यात्रा व महाधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंगलवार को अम्बाबाड़ी स्थित स्वस्तिक भवन में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व घुमन्तु कार्य के क्षेत्र प्रमुख महेंद्र ने की, जबकि आयोजन महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में संपन्न होगा। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि जयपुर की विभिन्न घुमन्तु बस्तियों से चयनित 251 महिला व पुरुष श्रद्धालुओं को पांच बसों के माध्यम से पुष्कर धाम ले जाया जाएगा। सभी बसें 16 मई की सुबह सात बजे अलग-अलग बस्तियों से रवाना होंगी और लगभग दस बजे तक पुष्कर पहुंचेंगी। पुष्कर पहुंचने के बाद श्रद्धालु पवित्र सरोवर में स्नान करेंगे तथा इसके पश्चात ब्रह्मा मंदिर में दर्शन करेंगे। दर्शन के बाद प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई है। इसके उपरांत सभी श्रद्धालु दाधीच सेवा ट्रस्ट परिसर पहुंचेंगे, जहां मध्यान्ह भोजन कराया जाएगा। दोपहर दो बजे से चार बजे तक महाधिवेशन सत्र आयोजित होगा, जिसमें घुमन्तु समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों, सामाजिक उत्थान, शिक्षा, संगठनात्मक गतिविधियों और समाज के विकास को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में घुमन्तु कार्य के क्षेत्र संयोजक महावीर प्रसाद शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि किशनगढ़ के उद्योगपति एवं समाजसेवी वेद प्रकाश दाधीच मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। महाधिवेशन के समापन के बाद प्रतिभागियों के लिए हाई टी की व्यवस्था की गई है। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु जयपुर के लिए रवाना होंगे। आयोजकों के अनुसार गर्मी को ध्यान में रखते हुए यात्रा व कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, छाया और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोजन का उद्देश्य घुमन्तु समुदाय के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक जागरूकता को बढ़ावा देना बताया गया।

# मौत के तारों के साए में सांभरझील: जहां फ्लेमिंगो खामोश हैं और माफिया बेखौफ

### रामसर साइट सिर्फ कागजों में, झील में अवैध बोरवेलों के तारों के बीच जान जोखिम में डाल मछलियां निकाल रहे गोताखोर



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक,(नि.सं.)।** देश-विदेश में अपने लवणीय स्वाद और प्रवासी पक्षियों के लिए पहचान रखने वाली विश्व प्रसिद्ध सांभरझील आज बदहाली, अवैध गतिविधियों और प्रशासनिक उदासीनता की दर्दनाक तस्वीर बन चुकी है। रामसर साइट का दर्जा मिलने के बावजूद झील के हालात इतने भयावह हैं कि यहां निजी नमक माफियाओं द्वारा बिछाए गए अवैध बोरवेलों के बिजली तार अब इंसानों और पक्षियों दोनों के लिए मौत का जाल बन गए हैं। इन्हीं मौत के तारों के बीच नावों में सवार गोताखोर मछलियां निकाल रहे हैं, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। डीडवाना-कुचामन जिले के नावां क्षेत्र में इन दिनों सांभर साल्ट और पशुपालन विभाग की ओर से झील में मछली निकालने का कार्य जारी है। करीब 24 नावों में सवार 40 से अधिक लोग पिछले पंद्रह दिनों से झील के भीतर गहरे पानी में मछलियां पकड़ने में जुटे हैं। लेकिन जिस क्षेत्र में यह कार्य हो रहा है, वहां झील के भीतर अवैध बोरवेलों के लिए छह किलोमीटर से अधिक लंबे बिजली तार बिछे हुए हैं। यह तार पानी के भीतर और सतह पर फैले हुए हैं, जिनसे करंट प्रवाहित होने का खतरा लगातार बना रहता है। पिछले साल गई थी युवक की जान, फिर भी नहीं चेता प्रशासन: स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले वर्ष भी झील में अवैध करंट के तारों की चपेट में आने से 6 मई 2025 को एक युवक जयराम गुर्जर पुत्र कानाराम गुर्जर निवासी नाका की ढाणी की मौत झील में बिछे अवैध करंट के तारों से हो चुकी है। इसके अलावा हर साल बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी भी इन तारों की वजह से काल का ग्रास बनते हैं। इसके बावजूद अवैध बोरवेल संचालकों और नमक माफियाओं के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले लगातार बुलंद हैं। झील क्षेत्र में फैले इन बिजली तारों को स्थानीय लोग 'मौत के तार' कहने लगे हैं। हालात यह हैं कि झील में उतरने वाला हर व्यक्ति जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर है। मछली निकालने वाले गोताखोरों के सामने भी हर पल हादसे का खतरा मंडरा रहा है। इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण सांभरझील में पानी की अच्छी आवक हुई, जिससे लाखों फ्लेमिंगो और अन्य प्रवासी पक्षी शीतकाल के बाद भी झील में डेरा जमाए हुए हैं। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि नावां क्षेत्र में इन पक्षियों की मौजूदगी लगभग खत्म हो गई है। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि झील में चल रही अवैध गतिविधियां, लगातार नावों की आवाजाही, डीजल इंजन की आवाज और बिजली तारों का जाल पक्षियों को इस क्षेत्र से दूर भगा रहा है। यही वजह है कि लाखों फ्लेमिंगो अब जयपुर जिले की सीमा वाले हिस्से में ही दिखाई दे रहे हैं, जहां न तो अवैध बोरवेल हैं और न मछली ठेकेदारों की गतिविधियां। नावां क्षेत्र की झील में इन दिनों प्राकृतिक सौंदर्य से ज्यादा अवैध गतिविधियों का दृश्य दिखाई देता है। नमक से भरे ओवरलोड डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां झील क्षेत्र में धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। झील के भीतर दूर-दूर तक बिजली के तार फैले हुए हैं और नावों में गोताखोर लगातार मछलियां निकालने में जुटे हैं। रामसर साइट होने के बावजूद झील संरक्षण के दावे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते झील में अवैध बोरवेल, बिजली तारों और अवैध दोहन पर रोक नहीं लगी तो सांभरझील की पारिस्थितिकी और प्रवासी पक्षियों का अस्तित्व गंभीर संकट में पड़ सकता है। विश्व स्तरीय पहचान रखने वाली सांभरझील में संरक्षण के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। एक ओर सरकार झील को पर्यटन और जैव विविधता का केंद्र बताती है, वहीं दूसरी ओर झील के भीतर खुलेआम अवैध गतिविधियां जारी हैं।

## जलाशयों से पानी निकासी को लेकर दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मानसून से पहले नगर निकायों को दिए गए निर्देशों का असर फील्ड में देखने को मिल रहा है। सुजानगढ़ में मानसून की बारिश से पहले अधिकारियों की टीम फील्ड में उतरी है। नगरपरिषद के प्रशासक और उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार व नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने शहर की चापटिया तलाई, वाल्मिकी बस्ती तलाई, दुलिया तलाई का निरीक्षण किया, गेनाणी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी वर्मा ने सभी पंपों को निरन्तर चालू रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी नालों की सफाई के निर्देश भी दिए। कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने नगरपरिषद के सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश को कहा कि प्रयास किया जाए कि सभी तलाईयों का पानी मानसून से पहले खाली कर दिया जाए, ताकि शहर में पुनः जलभराव की स्थिति नहीं बने। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि चापटिया तलाई पर खुले पड़े गड्ढ़े को कवर करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार इसी प्रकार एक सप्ताह तक मोटर लगातार चालू रखकर तलाई खाली करने के लिए कहा गया है। वाल्मीकि बस्ती स्थित तलाई की मोटर नए पंप हाउस में शिफ्ट करने के लिए कहा गया है। इस तलाई की सफाई के लिए 4.81 लाख के टेंडर प्रस्तावित कर दिए गए हैं, जो जल्द ही खुलेंगे। इसी प्रकार दुलिया तलाई के पंप हाउस में मोटर का टेंडर प्रस्तावित किया गया है, जो कि 14 मई को खोला जावेगा। नाथोतालाब पर निरीक्षण के दौरान पंप हाउस के पास 8 ईंच पाईप जोड़े जाने के लिए कहा गया है। यहां पर 12 ईंच की लाईन डल रही है। गेनाणी के दोनों मोटरों को कम से कम 12 घंटे चलाने के लिए कहा गया है और गणेश मंदिर के सामने स्थित नालों की सफाई के लिए सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान नगरपरिषद के सहायक नगर नियोजक उदय सिंह गुर्जर, सहायक अभियंता चारवी, राजस्व अधिकारी मुन्नालाल मीणा सहित नगरपरिषद के अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को गति देने के निर्देश, 10 लाख तक ब्याजमुक्त ऋण मिलेगा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर जिला कलक्टर संदेश नायक ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने योजना को गंभीरता से लेते हुए अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने तथा आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना शिक्षित बेरोजगारों के लिए बड़ा अवसर है। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शिविर आयोजित करने तथा पात्र युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सुभाष शर्मा ने बताया कि योजना के तहत 18 से 45 वर्ष तक के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10 लाख रुपए तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपए तक का अनुदान भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना के लिए आवेदक का न्यूनतम आठवीं पास होना आवश्यक है तथा आवेदन एसएसओ पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तर जयपुर मुकेश कुमार मूंड, एलडीएम गणेश कुमार, जिला उद्योग अधिकारी भवानी सिंह शेखावत सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गोचर भूमि पर फैल रही गंदगी से गोवंश संकट में, सेफ्टी टैंक संचालकों पर लापरवाही के आरोप

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 45 स्थित हुडेरा सड़क मार्ग के पास गोचर भूमि पर डाली जा रही गंदगी अब गोवंश के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। क्षेत्र में संचालित सेफ्टी टैंक संचालकों की ओर से लगातार यहां गंदगी डाले जाने से हालात बदतर हो गए हैं। स्थानीय गो रक्षकों ने प्रशासन और नगरपालिका पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। गो रक्षक कार्तिक नायक और विजय नायक ने बताया कि गायों के लिए सुरक्षित छोड़ी गई इस गोचर भूमि पर एक ओर भू-माफियाओं की नजर बनी हुई है, जिससे अतिक्रमण बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के सेफ्टी टैंक संचालक यहां खुलेआम गंदगी डाल रहे हैं। इससे क्षेत्र में बदबू फैल रही है और गोवंश के फंसने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई गायें और अन्य पशु इस गंदगी में फंस चुके हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों और गोसेवकों की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगरपालिका प्रशासन को लिखित व मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की उदासीनता के चलते गोचर भूमि धीरे-धीरे गंदगी और अतिक्रमण की भेंट चढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों और गोसेवकों ने प्रशासन से मांग की है कि गोचर भूमि पर गंदगी डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, अतिक्रमण हटाया जाए और गोवंश की सुरक्षा के लिए स्थायी समाधान किया जाए।

## सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन, नीरजा शर्मा का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के नीमडाड़ा गांव में मंगलवार को प्रजापति समाज के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उनका चांदी का मुकुट, माला और शॉल पहनाकर भव्य स्वागत किया तथा पुष्प वर्षा कर सम्मान जताया। कार्यक्रम के दौरान प्रजापति समाज से जुड़े कई लोगों ने भाजपा का दुपट्टा पहनकर पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार, पेपर लीक और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है तथा आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसान, गरीब और कमजोर वर्ग के हित में लगातार कार्य कर रही है। नीरजा शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा धौलपुर जिले में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। इस दौरान रामचरण प्रजापति, रामनारायण प्रजापति, रामावतार, राधेश्याम, रामहरि, रामराज और रामबिलास सहित कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में नाहिला मंडल अध्यक्ष जयवीर सिंह, राजाखेड़ा मंडल अध्यक्ष सत्यम गुप्ता, हरि सिंह गुर्जर, कपूरचंद प्रजापति, डॉ. शिवसिंह, विष्णु सैंथिया, शंकर सिंह, कुम्हर सिंह ठाकुर, सुनील घुरैया, मिश्रीलाल सैंथिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मजाक बना मौत की वजहः दोस्त ने मजे-मजे में बढ़ाया ट्रैक्टर, 18 वर्षीय युवक की गई जान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बसई कविलाल में दोस्तों के बीच हुआ हंसी-मजाक एक परिवार के लिए जिंदगीभर का दर्द बन गया। सोमवार दोपहर करीब 4 बजे मजाक-मजाक में आगे बढ़ाया गया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर युवक पर चढ़ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी 18 वर्षीय शनि पुत्र राममूर्ति अपने साथियों के साथ गांव में एक दीवार के सहारे बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसका मित्र अंकित पुत्र स्वर्गीय गोली सिंह ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा। बातचीत के दौरान दोनों दोस्तों के बीच हंसी-मजाक शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मजाक के दौरान ट्रैक्टर पर सवार अंकित ने कहा कि 'ट्रैक्टर चढ़ा दूं क्या ', जिस पर सामने बैठे शनि ने भी मजाक में 'चला दे' कह दिया। इसी बीच मजाक-मजाक में ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया गया, लेकिन वह अनियंत्रित हो गया और सीधे शनि को दीवार सहित अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ट्रैक्टर के बंपर की चपेट में आने से शनि गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजन व ग्रामीण तुरंत उसे राजाखेड़ा स्थित शहीद राघवेंद्र सिंह परिहार स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# हाईवे पर गड्ढे और गंदा पानी बने मुसीबत, रोज हादसों का खतरा

### लोगों ने प्रशासन पर लगाए लापरवाही के आरोप



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के मनियां कस्बे में नेशनल हाईवे-44 स्थित मांगरोल चौराहे पर सड़क के बीच बने गहरे गड्ढे और जमा गंदा पानी स्थानीय लोगों व राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। करीब एक साल से बनी इस समस्या के कारण आए दिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक समाधान नहीं कर पाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बीचों-बीच बने गहरे गड्ढों और बंद पड़े नाले के कारण गंदा पानी जमा हो रहा है। इससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। दुकानदार मूलचंद, बेनीराम, सुधांशु और लक्ष्मण सिंह ने बताया कि नगर पालिका, एनएचएआई, उपखंड अधिकारी और तहसील प्रशासन को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना परिसर में आयोजित सीएलजी बैठक में भी मामला उठाया गया, लेकिन नाले के पाइप की मरम्मत आज तक शुरू नहीं हो सकी। राहगीर सोनू शर्मा, सौरभ और राजेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क पर बने गड्ढों में आए दिन बाइक, कार और छोटे वाहन फंस जाते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे भी कई बार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएचएआई ने सड़क निर्माण कार्य तो किया, लेकिन नाले के टूटे पाइप को अधूरा छोड़ दिया, जिससे यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से जल्द गड्ढों की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि हादसों पर रोक लग सके।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
13 मई, 2026


## रतनगढ़ में निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे में आरयूआईडीपी की ओर से संचालित ड्रेनेज परियोजना के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में वार्ड नंबर 19 स्थित निजी विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से भव्य स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को आरजीआई कंपनी के डीएम आर.टी.बी. राय और विधालय एजुकेशन ग्रुप के निदेशक हनुमान न्योल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने 'प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग बंद करो', 'नाली रहेगी साफ तो शहर रहेगा साफ' और 'हम सबका एक ही नारा–साफ सुंदर शहर हमारा' जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह रैली वार्ड नंबर 19, 21 और 23 की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए वापस स्कूल परिसर पहुंची, जहां सम्मिलित बच्चों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक जगदीश, शिक्षिका बबीता और निकिता कंवर का विशेष सहयोग रहा। रैली में आरजीआई कंपनी की ओर से अभियंता देवेश आत्रेय, अविनाश ठाकुर और मनीषा प्रजापत ने शिरकत की, जबकि पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रदीप प्रजापत ने किया। अंत में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## भूमि आवंटन को लेकर पेंशनर समाज ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पेंशनर समाज की स्थानीय उप शाखा आयुक्त नगर परिषद व तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ज्ञापन सौंपकर पेंशनर समाज के लिए भूमि निःशुल्क आवंटन व निदेशक पेंशनर विभाग राजस्थान जयपुर के पत्रों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आयुक्त ने भूमि आवंटन के संबंध सकारात्मक वार्ता की तथा भूमि आवंटन के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन सौंपते वक्त अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़, मंत्री सुरजाराम डाबरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याधर पारीक, मन्नालाल, सुखलाल सोनी, आनंदी लाल सोनी, विनोद कुमार सोनी, रामचन्द्र गोदारा, ओंकाराराम, किसनलाल कटारिया, दीपा राम सांडेला, हाकम अली, रणजीत, दीने खां सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण पारीक चाड़वास प्रभारी मनोनित

जयपुर टाइम्स

**छापर(निस)।** कस्बे के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व निवृतमान पार्षद नारायण पारीक को चाड़वास प्रभारी मनोनित किया गया है। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने प्रदेश के निर्देशानुसार वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर चूरू जिले में संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन के लिए मण्डल प्रभारियों की घोषणा की है। पारीक के मनोनयन पर जिला कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम पारीक,



निवर्तमान पार्षद लालाराम नायक, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष जयराम जांगिड़, प्रहलाद नाई, कुलदीप पारीक, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष श्रवण माली, भागीरथ कुलहरि, गिरधारी गुलेरिया शिवा नायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पारीक को बधाई दी।

## अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर नर्सिंग कर्मियों का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** जिला चिकित्सालय परिसर में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएमओ डॉ. अटल भास्कर ने की। इस दौरान उप नियंत्रक डॉ. शीशराम चौधरी, नर्सिंग अधीक्षक मोहनलाल खींची व वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुमित्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएमओ डॉ. अटल भास्कर ने नर्सिंग कर्मियों की सेवा भावना एवं कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नर्सेज मरीजों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही मानव हितों को सर्वोपरि मानते हुए सेवाभाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया।उप नियंत्रक डॉ. शीशराम चौधरी ने नर्सिंग पेशे को नोबल प्रोफेशन बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग स्टाफ की जिम्मेदारी बेहद अहम है। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी उपेंद्र मिश्रा, नर्सिंग अधिकारी मुरलीधर डागर, गिरधारीलाल, सुनीता, सुनीला, घीसाराम, विनोद, विमलेश, अशोक शिवरान तथा एएनएम सुनीता शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग अधिकारी मनोज मिश्रा ने किया। समारोह में चिकित्सालय स्टाफ एवं नर्सिंग कर्मियों की उपस्थिति रही।

# पक्षियों के लिए आगे आई श्री राम सेना, परिंडे लगाओ अभियान' शुरू

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** भीषण गर्मी के दौर में पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय श्री राम सेना चूरू राजलदेसर परिवार द्वारा 'परिंडे लगाओ अभियान' की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ भगवती भद्र काली शक्ति पीठ राजलदेसर में परम पूज्य दंडी स्वामी जोगेंद्र आश्रम महाराज, अवधूत स्वामी विश्वेंद्र आश्रम, दंडी स्वामी वीरेंद्र आश्रम महाराज तथा ज्योतिष विद्वान खीवराज शर्मा के सान्निध्य में किया गया। अभियान के तहत राजलदेसर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें पानी उपलब्ध हो सके। जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे ने बताया कि अभियान के पहले दिन 151 परिंडे लगाए गए हैं, जबकि संगठन ने कुल 1151 परिंडे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना सामाजिक जिम्मेदारी है और आमजन को भी इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर भी परिंडे लगाने की अपील की। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह, गोविंद सोनी, विशाल भार्गव, विनोद पारीक, हर्ष पांडे, एडवोकेट जितेंद्र सिंह, मनोज पांडे, नरेंद्र पारीक, हिमांशु स्वामी, जिला मीडिया प्रभारी दीपांशु पांडे, पंकज शर्मा आबड़सर ग्राम अध्यक्ष, सुपेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षा में नवाचार व बेहतर समन्वय के संकल्प के साथ मण्डावा वाकपीठ का समापन

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** शिक्षा सत्र 2026-27 के तहत ब्लॉक मण्डावा में संस्था प्रधान स्तरीय दो दिवसीय वाकपीठ का आयोजन 11 व 12 मई को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन में ब्लॉक क्षेत्र के संस्था प्रधानों, शिक्षकों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यालय प्रबंधन एवं नवाचारों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीबीईओ पवन कुमार व जिला साक्षरता अधिकारी योगेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिक्षकों व संस्था प्रधानों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालयों में नवाचार आधारित गतिविधियों और प्रभावी कार्यशैली पर जोर देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम लाने का आह्वान किया। वाकपीठ के दौरान शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन, परीक्षा परिणाम सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, विद्यालय प्रबंधन तथा अनुशासन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों व इस वर्ष सेवानिवृत होने वाले संस्था प्रधानों, नव गठित कार्यकारिणी के सदस्य और व्यवस्था बनाने वाले डीआरडीविद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, गीता पुस्तक शॉल श्रीफल और माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान 11 सदस्यों की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें प्राचार्य जवाहर लाल काला, प्राचार्य मुकेश कुमार, प्राचार्या श्रीमती राकेश, प्रधानाध्यापक विजय सिहाग, प्रधानाध्यापक संदीप चाहर एवं प्रधानाध्यापिका प्रमिला को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। दो दिवसीय आयोजन का समापन शिक्षा क्षेत्र में बेहतर समन्वय, नवाचार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

## मंडावा में स्वगणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार, उत्कृष्ट कार्य पर प्रगणक अरविंद रेवाड़ सम्मानित


जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस).।** राजस्थान में आगामी 16 मई से प्रारम्भ होने जा रही जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर मंडावा तहसील में 1 मई से जनगणना कार्मिकों का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य को सफल व प्रभावी बनाने के लिए जनगणना चार्ज अधिकारी व तहसीलदार मंडावा डॉ. सुरेंद्र भास्कर की ओर से लगातार पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने प्रशिक्षण के दौरान सभी जनगणना पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को अपने-अपने आवंटित जनगणना ब्लॉकों में समय-समय पर स्वगणना करवाने के लिए प्रेरित किया। उनके निर्देशन एवं मोटिवेशन का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है तथा कई प्रगणकों की ओर से अपने क्षेत्रों में स्वगणना कार्य को गति प्रदान की गई है। इसी क्रम में मंडावा तहसील के ब्लॉक संख्या-2 के प्रगणक राजकुमार, ब्लॉक संख्या-101 के प्रगणक आनंद डांगी तथा ब्लॉक संख्या-128 के प्रगणक अरविंद रेवाड़ द्वारा अपने आवंटित ब्लॉकों में स्वगणना कार्य पूर्ण करवा दिया गया है। विशेष बात यह रही कि प्रगणक अरविंद रेवाड़ का प्रशिक्षण 12 मई से प्रारम्भ होना था, लेकिन उन्होंने प्रशिक्षण शुरू होने से एक दिन पूर्व ही अपने ब्लॉक में स्वगणना कार्य पूर्ण करवा कर एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अरविंद रेवाड़ की सराहनीय कार्यशैली व सक्रियता से प्रभावित होकर तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने उन्हें साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा उपस्थित सभी जनगणना कार्मिकों को अधिक से अधिक स्वगणना करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में प्रत्येक कार्मिक की सक्रिय भागीदारी व जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार की ओर से विभिन्न ब्लॉकों की प्रगति एवं फीडबैक भी लिया गया, जिसमें सामने आया कि अन्य ब्लॉकों में भी स्वगणना कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता व व्यवस्थित ढंग से संपादित करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग व मार्गदर्शन किया जा रहा है, ताकि आगामी जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

# बोलेरो गाड़ी की टक्कर से बाइक चालक की मौत

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के चूरू रोड स्थित खींवणसर गांव के पास बोलेरो गाड़ी की टक्कर से 30 वर्षीय बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। यहां से गुजर रहे लोगों ने निजी वाहन की सहायता से मृतक को सरदारशहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भालेरी पुलिस थाना के एएसआई हरफूलसिंह ने बताया कि चूरू के रिबिया निवासी संदीप पुत्र मूलाराम जाट ने रिपोर्ट दी है कि मेरे बड़े भाई 30 वर्षीय कृष्ण कुमार ने सरदारशहर में कपड़े एवं कपड़े सिलाई की दुकान कर रखी है। जहां पर वह कारीगर रखकर अपना व्यवसाय करता है और प्रतिदिन गांव आना-जाना करता है। सोमवार को मेरे भाई की दुकान पर कार्य अधिक होने के कारण देर रात्रि तक कार्य करने के बाद अपने ससुराल बालरासर जाने के लिए मोटरसाइकिल लेकर रवाना हुआ। सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 1 बजे खींवणसर गांव के जीएसएस के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक बोलेरो के चालक ने अपने बोलेरो को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए सही दिशा में चल रहे मेरे भाई की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और उसके बाद थोड़ी दूर पर बोलेरो भी पलट गई। दुर्घटना में मेरे भाई कृष्ण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस ने सरदारशहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखे हुए मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक कृष्ण कुमार के एक 5 साल का पुत्र है। वहीं पुलिस ने अब रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गनोडा सारोठिया रोड से चरला रोड पर सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिसको 108 से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉ कमल धानिया ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे तथा शव की शिनाख्त कानाराम (30) पुत्र गणपतराम जाट, निवासी प्रगति नगर सुजानगढ़ के रूप में हुई। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ओर अन्य की सहायता से मोर्चरी में शव रखवाया गया। सदर थाने के एएसआई छगनलाल मौके पर पहुंचे। परिजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की रिपोर्ट पुलिस को दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।
जाएगी।

## हादसे में बाइक चालक की दर्दनाक मौत

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के घडसीसर गांव के पास वाहन की टक्कर से बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से मृतक के शव को राजकीय उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। एएसआई अयूब खान ने बताया कि बायला निवासी ढुकलराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी है कि मेरा 29 वर्षीय पुत्र सुमेरमल मेघवाल सोमवार शाम करीब साढ़े 5 बजे अपनी बाइक से लक्ष्मणराम मेघवाल को उसके गांव गारबदेसर छोड़ने के लिए गया था। लक्ष्मणराम को उसके गांव से छोड़कर वापस हमारे घर के लिए आ रहा था। सोमवार रात्रि करीब 9 बजे घडसीसर के पास पहुंचा तो किसी वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाकर मेरे पुत्र की बाइक को जोर से टक्कर मार दी। जिससे मेरे पुत्र के सारे शरीर पर गंभीर चोट लगी और मेरे पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मैंने मेरे पुत्र के मोबाइल पर फोन किया तो किसी अन्य व्यक्ति ने उसके फोन से मुझे सूचना दी कि आपके पुत्र को दुर्घटना में चोट लगी है आप मौके पर आ जाओ।

## गांधी चौक पार्क आम जन के लिए खोलने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरना लगातार 9 वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल की ओर से एडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में नेहरू पार्क को आम जन के लिए खोले जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि शहर के गांधी चौक में स्थित पार्क को रोजाना दिन में 12 घंटे आम लोगों वरिष्ठ नागरिकों के लिए खोला जाए, ताकि शहर के नागरिक स्वास्थ्य लाभ ले सकें। इसी प्रकार पार्क में छाया पानी की भी अच्छी व्यवस्था की जावे, ताकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिट इंडिया का नारा सही अर्थों में साबित हो सके। क्योंकि पार्क खुला रहेगा तो यहं पर आम नागरिक सुबह शाम योग व आसन करेंगे और स्वस्थ रहेंगे। इसलिए पार्क में बैठकर रिलैक्स होने के लिए सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाएं। ताकि इस पार्क की सेवाएं आमजन के लिए लाभकारी साबित हो सके। दोपहर के वक्त भी यह पर खुला रहेगा तो लोगों के लिए छाया की व्यवस्था हो सकेगी और जनता को बड़ी राहत मिल सकेगी। इसलिए इस पार्क में छाया पानी की व्यवस्था करवाते हुए प्रतिदिन इसे आमजन के लिए 12 घंटा खुला रखा जावे। वहीं पार्क में पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पुनः स्थापित किए जाने की मांग भी की गई है। धरने पर तरूण सियोता, मुकेश गोयल, निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी, विनोद, शंकरलाल, हंसराज, विकास, श्याम, राकेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।





### कार्यालय नगरपालिका मण्डल, छापर (चूरू) राज0

Email - nagarpalikachhapar@yahoo.in Phone no.-01568-242099

क्रमांक :- न.पा.छा./2026-27/421 दिनांक :-07-05-2026

**आपत्ति आमंत्रण- विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय हाजा में आवासीय तामिर स्वीकृति संबंधी निम्नलिखित पत्रावलियां प्रस्तुत हुई है। अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सुसंगत सबूत एवं दस्तावेजों के साथ अन्दर मियाद सात दिवस कार्यालय हाजा में प्रस्तुत कर सकतें है। बाद गुजरने मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार/सुनवाई नही की जावेगी। सूचित रहें ।

| क.स. | आवेदक का पता | भूमि / भवन का विवरण | भूमि का उपयोग | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री शिव कुमार घुंघरवाल पुत्र लक्ष्मण सिंह घुंघरवाल नं. 08 छापर | रतनगढ बाई पास से दक्षिण की तरफ वार्ड नं. 08 छापर | तामिर स्वीकृति आवासीय | 37.01 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका छापर

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH

No:- 260-272 Date: 7/5/26

**Notice Inviting Bid No 02/2026-27**

Bids for 02 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 09.06.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 345.34 Lacs

NIB NO PWD2627A0369
UBN No:
1. PWD 2627WSOB01786
2. PWD 2627WSOB01787

DIPR/C/8223/2026

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांकः डी-128-137 दिनांक : 07/05/ 2026

**ई - निविदा सूचना संख्या : 04/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्य कुल 04 कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी । अल्पकालीन ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A0361 के UBN No. निम्नप्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2627WSOB01753 | 2. | PWD2627WSOB01755 |
| 3. | PWD2627WSOB01756 | 4. | PWD2627WSOB01757 |

DIPR/C/8150/2026

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा. नि. वि. खण्ड - तारानगर

### कार्यालय ग्राम पंचायत सडू छोटी पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक दिनांक :- 06.05.2026

ग्राम पंचायत सडू छोटी में वर्ष 2026-27 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp. rajasthan. gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/2026-27 / 05.05.2026 | ZCR2627A0184 | ZCR2627WSOB00304 | |
| 2 | 02/2026-27 / 05.05.2026 | ZCR2627A0183 | ZCR2627WSOB00303 | |

प्रशासक
ग्राम पंचायत सडू छोटी
पं. स. बीदासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सडू छोटी
पं. स. बीदासर

# सेवा में नाम और पहचान की चाहत नहीं हो: कलेक्टर बोले- नर्सिंग पेशा नहीं जनसेवा का माध्यम



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल स्थित राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सेवा, समर्पण और मानवता का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां एक ओर नर्सिंग विद्यार्थियों ने सेवा की शपथ ली, वहीं दूसरी ओर चिकित्साकर्मियों ने रक्तदान कर जीवनदान का संदेश दिया।

?कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने नर्सेज दिवस की शुरुआत मानवता के सम्मान के साथ की। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने अस्पताल की एमसीएच विंग में बेटी को जन्म देने वाली माताओं को 'बेबी किट' और प्रशस्ति पत्र भेंट किए। इसके पश्चात उन्होंने नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल' की आकर्षक रंगोली का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बीमारियों के कारण चिकित्सा क्षेत्र में चुनौतियां बढ़ रही हैं। नर्सिंग कर्मियों को चाहिए कि वे अपने सेवा कार्य को नाम और पहचान की लालसा से मुक्त रखें। रोगियों की निस्वार्थ सेवा ही इस दिवस की सार्थकता है।

### नर्सेज दिवस पर 21 यूनिट रक्तदान:

इस वर्ष नर्सेज दिवस को खास बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों ने 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल' के सेवा आदर्शों को अपनाते हुए रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि शिविर में 21 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो ट्रामा के मरीजों और प्रसूताओं के लिए जीवनरक्षक साबित होगा। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दुष्यंत बसेरा ने रोगियों के प्रति सेवा भाव रखते हुए स्वयं रक्तदान का संकल्प लिया, जिसे जिला कलेक्टर ने अत्यंत प्रेरणादाई बताया। ?पीएमओ व वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने नर्सेज की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने में नर्स द्वारा की जाने वाली निरंतर मॉनिटरिंग की सबसे बड़ी भूमिका होती है। इस अवसर पर उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले नर्सिंग विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नर्सिंग प्राचार्य डॉ. आबिदा खान ने सभी विद्यार्थियों को मानवता की सेवा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जीएमसी प्राचार्य डॉ. प्रमोद नारनोलिया, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, एसडीएम कौशल्या विश्नोई, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. प्रियंका शेखसरिया, डॉ. राकेश कुमार, सुमन ओला, पूनम भास्कर, पूनम डांगी, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुरेश मील, प्यारेलाल, सुभाष और श्यामसुंदर सहित नर्सिंग स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

## सवाई सागर बालाजी धाम में गूंजी भजनों की स्वर लहरियां



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय सवाई सागर बालाजी धाम के महंत संतनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर सोमवार को भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया। शेखावाटी के संतों के सानिध्य में हुए जागरण में भजनों की अमृत वर्षा की गई। इस दौरान झुंझुनू के चंचलनाथ टिले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, विचारनाथ, भानीनाथ आश्रम के विद्यानाथ, ज्ञाननाथ, रतननगर के शिवनाथ, रतनगढ़ के बालकनाथ, फतेहपुर के गोपी महाराज, गिरीश, गोपाल एण्ड पार्टी व रामगढ़ शेखावाटी के प्रतापेश्वर महादेव मंदिर के भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। सवाई सागर धाम के सोनू ओझा ने सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर उषा सारस्वत, सरोज महर्षि, इंद्रा सैनी, पुजारी महेंद्र सारस्वत, गोपी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, गंगा, किशन चोटिया, सनातन गोस्वामी, विनोद हारित, अनिल शर्मा, अटल सारस्वत, अशोक सैनी, प्रवीण सरस्वत, लालचंद भगत, राजेश शर्मा, आत्माराम सेन, राजकुमार जांगिड़, कन्हैयालाल राजपुरोहित, पवन जांगिड़, सुमेर, महेंद्र प्रजापत सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। सवाई सागर समिति के पदाधिकारियों ने आगंतुक सभी संतों व भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## पीएचसी घणाऊ में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निस)।** कस्बे के निकट स्थित पीएचसी घणाऊ मुख्यालय पर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आधुनिक नर्सिंग की जनक मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग ऑफिसर सुनीता चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नाइटिंगेल ने नर्सिंग सेवा को नई पहचान दिलाने का कार्य किया था। उनके आदर्श आज भी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नर्सिंग स्टाफ मरीजों की सेवा, देखभाल और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नर्सिंग कर्मियों की सेवाएं समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया। उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। इस दौरान सुनीता चौधरी नर्सिंग ऑफिसर, अनिल हर्ष नर्सिंग ऑफिसर, प्रमोद नर्सिंग ऑफिसर तथा गोविंद नारायण फार्मासिस्ट सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## भींवसरिया बालिका विद्यालय में दो स्मार्ट बोर्ड छात्राओं को समर्पित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय भींवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक -एक लाख रूपये के दो स्मार्ट बोर्ड का विधिवत उद्घाटन कर छात्राओं को लोकार्पित किये गये। विद्यालय की प्राचार्य शीतल मिश्रा ने बताया कि भामाशाह छत्तरसिंह बैद के सौजन्य सहयोग से और विद्यालय की शिक्षिका सुधा जांगिड की प्रेरणा से मिले इन स्मार्ट बोर्ड का फीता काट कर उद्घाटन एक सादे समारोह में साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि स्मार्ट बोर्ड यानि डिजिटल बोर्ड के उपयोग से विद्यालय में शिक्षण और प्रस्तुतीकरण को इंटरैक्टिव, आकर्षक और आधुनिक बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सहायक अभियंता राजेंद्र प्रजापत, प्रमिला राठी और शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिरधीचंद प्रजापत ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ सुधा जांगिड, सविता फुलवारियां, हीराराम मेघवाल, सुमित्रा ढाका, सरोज मीणा, प्रियंका शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, गोविंद शर्मा आदि ने आगन्तुको का स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन व आभार प्रदर्शन विद्यालय की प्राचार्य शीतल मिश्रा ने किया।

## मधुमक्खियां हटाने के लिए टेंडर प्रस्तावित

**सुजानगढ़।** मधुमक्खियो के छातों से शहर को निजात दिलाने के लिए नगरपरिषद ने टेंडर प्रस्तावित किए हैं। नगरपरिषद आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि शहर में विभिन्न जगहों पर मधुमक्खियों के छातों के कारण आम लोगों को हर वक्त खतरे का अंदेशा रहता है, जिसके चलते नगपरिषद ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए साल भर के लिए 2 लाख की राशि का टेंडर प्रस्तावित किया है, जिसकी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की

## समय पर नालों की सफाई नहीं करने पर 9 नोटिस जारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद से नाला सफाई कार्य का व अन्य कार्यों का टेंडर लेने के बाद भी समय पर कार्य चालू नहीं करने व समय पर काम कम्पलीट नहीं करने वालों पर आयुक्त ने सख्ती दिखाते हुए नोटिस जारी किए हैं। नगरपरिषद आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि मैसर्स रामप्यारी सियोता इंटरप्राइजेज को लीलगर मस्जिद से गौमजी चैक, चापटिया तलाई तक नाला सफाई का कार्य शुरू नहीं करने पर नोटिस दिया गया है और दो दिनों में कार्य प्रारंभ की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इसी फर्म को दूसरा नोटिस माणक मेडिकल से लेकर गेनाणी पंप तक, लुहार बस्ती के आगे से कैंची को लेते हुए लाडनू बस स्टेंड तक नाला सफाई कार्य को लेकर दिया गया है। इसी प्रकार मैसर्स अजय कंस्ट्रक्शन कंपनी को नाला सफाई कार्य ऋषि होटल से तोकिर हसन मस्जिद से श्मसान पश्चिमी गेट तक, वापस भंवर कुरेशी के घर तक और वहां से चापटिया तलाई तक कार्य 20 दिनों मे कंपलीट नहीं नहीं किया गया। साथ ही कार्य प्रारंभ की रिपोर्ट दो दिनों में मांगी गई है। इसी फर्म को खानपुर पुराने पंप हाउस से महावीर सिंह के खेत तक नाला सफाई कार्य को लेकर, पंचायत समिति के आगे से बीडीएस होटल, वेंकटेश्वर मंदिर से आरडीएस स्कूल, कनोई बिल्डींग होते हुए शास्त्री प्याउ तक दोनों तरफ के नाला सफाई कार्य को लेकर भी नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार मैसर्स स्वेट सोसायटी को चापटिया पंप हाउस से हीरो होंडा शोरूम से भोजलाई चैराहा, कब्रिस्तान दक्षिणी गेट से चापटिया तलाई तक नाला सफाई कार्य को लेकर नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार मैसर्स दिव्या इंटरप्राईजेज को भारत टेंट हाउस से भाटी चैम्बर तक, नाला सफाई कार्य दोनों तरफ सालासर रोड़ भोजलाई चैराहा से कानाराम ढ़िढ़ारिया के घर तक व भाटी चैम्बर से खानपुर पुराने पंप हाउस तक नाला सफाई का कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर नोटिस दिए गए हैं। सभी नोटिस में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर घायल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा तहसील के सावर गांव के पास सोमवार देर रात को एक दर्दनाक सड़क हादसे में वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। भानीपुरा पुलिस थाने के एएसआई दौलतराम ने बताया कि सावर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र काशीराम जाट ने रिपोर्ट दी है कि सोमवार रात्रि करीब 11 मुझे फोन से सूचना मिली कि मेरे चचेरे भाई 38 वर्षीय राजूराम पुत्र भानीराम जाट की सावर गांव के पास दुर्घटना हो गई है। सूचना पर पर मौके पर पहुंचा और देखा कि मेरा चचेरा भाई राजूराम व गांव का ही पवन पुत्र सूरजभान स्वामी घायल अवस्था में सड़क के साइड में पड़े थे और राजूराम की मोटरसाइकिल भी वहीं पर पड़ी थी। ग्रामीणों की सहायता से दोनों को सरदारशहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय लेकर आए जहां पर राजूराम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और पवन कुमार को चूरू रेफर कर दिया। रिपोर्ट में बताया कि मेरा भाई खेत से घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान किसी वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाकर सही दिशा में चल रही मेरे भाई की बाइक को टक्कर मार दी। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## राम-नाम जप कार्यक्रम में उमड़ा श्रध्दा का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सुभाष चौक के पास कन्हैयालाल बागला मार्ग स्थित संगम मार्केट में मंगलवार को राम-नाम जप महायज्ञ आयोजन समिति चूरू की ओर से भव्य राम-नाम जप पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रातः 5 बजे से 12:30 बजे तक राम-नाम जप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज राम कुटी वृंदावन के संत प्रहलाद महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर संत प्रहलाद महाराज ने कहा कि राम नाम का निरंतर जप करने से मन शांत होता है। यह ध्यान का एक सरल रूप है जो अनचाहे विचारों को रोककर मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता बढ़ाने के काम आता है। मान्यता है कि राम शब्द की ध्वनि शरीर और मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। यह घबराहट, तनाव और अज्ञात भय को दूर करने में सहायक होता है। स्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है कि राम नाम का जप सभी बाधाओं को हरने वाला है। अध्यात्म में राम नाम को तारक मंत्र माना गया है। यह साधक के भीतर सात्विक गुणों का विकास करता है और अहंकार को कम कर भक्ति भाव को जगाता है। नियमित रूप से जप करने से व्यक्ति का आत्मबल बढ़ता है। यह आत्म-अनुशासन सीखने और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की शक्ति प्रदान करता है, जैसे-दीपक के जलने से अंधेरा दूर हो जाता है, वैसे ही राम नाम के उच्चारण से मन के भीतर के नकारात्मक विचार, क्रोध और ईर्ष्या के भाव धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## सरकारी योजना बनी किसान का सहारा, कृषि यंत्र अनुदान से बदली सोहनलाल की खेती की तस्वीर



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की ओर से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत किशनगढ़ रेनवाल तहसील की ग्राम पंचायत हरसोली में आयोजित संध्या चौपाल में किसान सोहनलाल की सफलता की कहानी चर्चा का केंद्र रही। कृषि यंत्र अनुदान योजना से लाभान्वित किसान ने बताया कि सरकारी सहायता से अब उनकी खेती आसान और अधिक लाभकारी बन गई है। ग्राम किशनपुरा निवासी किसान सोहनलाल पुत्र रामदेव ने बताया कि वह कई वर्षों से खेती कर रहे हैं। पहले कृषि यंत्र किराए पर समय पर नहीं मिल पाने के कारण फसल की बुवाई और कटाई में देरी होती थी, जिससे उत्पादन प्रभावित होता था और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की ओर से आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें कृषि यंत्र अनुदान योजना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने विभाग में आवेदन किया और कृषि यंत्र खरीदने पर उन्हें अनुदान राशि स्वीकृत हुई। सोहनलाल ने कहा कि अब अपने कृषि यंत्र होने से समय पर बुवाई और कटाई संभव हो पा रही है, जिससे उत्पादन बढ़ा है और आमदनी में भी इजाफा हुआ है। उन्होंने योजना के लिए राज्य सरकार और कृषि विभाग का आभार जताते हुए अन्य किसानों से भी इस योजना का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं किसानों के लिए राहत और प्रगति का माध्यम बन रही हैं। इस अवसर पर तहसीलदार कोमल यादव, खंड विकास अधिकारी छोटूराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी सावित्री कुमारी यादव सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सही आंकड़े ही तय करेंगे विकास की दिशा: नरैना में जनगणना प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने परखी व्यवस्थाएं



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निस)।** नगर पालिका नरायना के दादू द्वारा स्थित जयतराम सत्संग भवन में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोमवार को प्रशासनिक सक्रियता और अनुशासन का माहौल देखने को मिला। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना सैल के अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया का जायजा लिया।

प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना की तकनीकी प्रक्रियाओं, मोबाइल एप संचालन, घर-घर सर्वे और स्व-जनगणना अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अधिकारियों ने जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने पर जोर दिया। इस दौरान जिला जनगणना सैल के सहायक निदेशक सोमदत्त मांडैया, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रमोद गुप्ता, सांभर उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल तथा नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्ण ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। नगर पालिका ईओ शिवराज कृष्ण ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि विकास योजनाओं की मजबूत नींव है। गांव, वार्ड, नगर, तहसील और जिले की वास्तविक स्थिति सरकार तक पहुंचाने में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सही और पारदर्शी आंकड़ों के आधार पर ही सरकार योजनाएं बनाती है और विकास कार्यों की दिशा तय होती है।

उन्होंने प्रगणकों से कहा कि वे अपनी-अपनी एचएलबी में जाकर लोगों को स्व-जनगणना के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक नागरिक स्वयं इस प्रक्रिया से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि सही आंकड़े ही राज्य और देश की नीतियों को मजबूत बनाएंगे तथा आमजन को उनकी जरूरतों के अनुरूप योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े कार्मिक, प्रगणक व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## 1.64 लाख जमा, फिर भी नहीं मिला बिजली कनेक्शन: 'तत्काल' योजना में किसान चार माह से परेशान

**पाली/सुमेरपुर।** किसानों को त्वरित राहत देने के सरकारी दावों के बीच तखतगढ़ बिजली विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र के जाणा गांव निवासी किसान चौपाराम कुम्हार ने 'तत्काल थ्री फेस कृषि कनेक्शन' के लिए 26 जनवरी 2026 को करीब 1.64 लाख रुपए की डिमांड राशि जमा करवाई, लेकिन चार महीने बाद भी उसके खेत तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। पीड़ित किसान का आरोप है कि विभागीय नियमों के अनुसार 45 दिन में कनेक्शन जारी होना चाहिए था, लेकिन अब तक उसे केवल आश्वासन और बहाने ही मिले हैं। किसान का कहना है कि वह कई बार तखतगढ़ विद्युत विभाग कार्यालय के चक्कर लगा चुका है, मगर हर बार अलग-अलग कारण बताकर लौटा दिया जाता है। मामले में विभागीय अधिकारियों के विरोधाभासी बयान भी सामने आए हैं। किसान के अनुसार सहायक अभियंता (श्वह्) ने 'सामान उपलब्ध नहीं होने' की बात कही, जबकि कनिष्ठ अभियंता (पत्रिकाश्वह्) ने बताया कि 'सामान आ चुका है, लेकिन आदेश नहीं मिल रहे।' इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि समय पर थ्री फेस कनेक्शन नहीं मिलने से किसान अपने खेत में फव्वारा सिस्टम शुरू नहीं कर पा रहा है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। भीषण गर्मी के बीच खेत सूखने की स्थिति में पहुंच गए हैं।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड रतनगढ़

क्रमांकः- अअ/जनस्वा./ निविदा / 2026-27/157-65 दिनांकः- 12/05/2016

| | |
|---|---|
| 1. मुख्यालय का नाम : | परियोजना खण्ड रतनगढ़ |
| 2. निविदा का कार्य : | संलग्न निविदा अनुसार |
| 3. निविदा की कुल लागत : | 9.77 लाख |
| 4. निविदा की कुल धरोहर राशि : | 19532.00 |
| 5. निविदा को प्राप्त करने : की दिनांक | 13.05.2026 से 20.05.2026 तक सायं 6.00 पीएम तक |
| 6. निविदा खोलने की दिनांक : | 21.05.2026 को दोपहर 03.00 पीएम पर |

**संलग्नः - छः प्रतियां ।**

(मोहन लाल कडेला )
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा.अभि.विभाग,
परियोजना खण्ड रतनगढ़

### कार्यालय नगर परिषद्, सरदारशहर (जिला चुरू)

Ph. 01564-220681, 220030 Email: eonpsdr@gmail.com

क्रमांक :– न.प.स. / 2026–27 / 2627–28 दिनांक :– 08.05.2026

**निविदा सूचना सं. 08, 09 वर्ष 2026–27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से नगर परिषद् सरदारशहर द्वारा 04 कार्यो के लिए ई–निविदा सूचना संख्या 08 वर्ष 2026–27 व 01 कार्य के लिए निविदा सूचना संख्या 09 वर्ष 2026–27 आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद् सरदारशहर के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

| S.No. | निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE |
|---|---|---|---|
| 01 | ई–निविदा सूचना सं. 08 वर्ष 2026–27 | DLB2627A1555 | DLB2627WSOB04158<br>DLB2627WSOB04159<br>DLB2627WSOB04160<br>DLB2627WSOB04161 |
| 02 | निविदा सूचना सं. 09 वर्ष 2026–27 | DLB2627A1557 | DLB2627WSOB04164 |

राज.संवाद / सी / 26 / 2622
आयुक्त
नगर परिषद् सरदारशहर

### कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 08-05-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of STREET LIGHT RATE CONTRACT (ARC) work invited from interested bidders upto 01:00 PM 19.05.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2627SLRL04175
Raj.Samwad/C/26/2570
Executive officer
Municipal Board, Ratannagar